आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक

# उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 199 | हापुड़ , मंगलवार 4 फरवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## छोटे मियां, बड़े मियां की ठगजोड़ी ने दिल्ली को ठगने का काम किया - गृह मंत्री अमित शाह

नई दिल्ली । दिल्ली चुनाव प्रचार के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली के जंगपुरा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व सीएम केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर तंज कसते हुए कहा कि ये छोटे मियां, बड़े मियां की ठगजोड़ी ने दिल्ली को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा, मनीष सिसोदिया (जंगपुरा निर्वाचन क्षेत्र से आप उम्मीदवार) यहां आए हैं। आपको उनसे पूछना चाहिए कि उन्होंने ऐसा क्या किया कि उन्हें पटपड़गंज (निर्वाचन क्षेत्र) छोड़ना पड़ा। उन्होंने पटपड़गंज वालों से बहुत झूठे वादे किए। अब उनको लगता है कि जंगपुरा जाकर लोगों को झूठे वादे करके बहला देंगे। मनीष सिसोदिया, आप दिल्ली में कहीं पर भी जाओ, सब लोग आपको जानते हैं। डिप्टी सीएम रहते हुए उन्होंने एक काम किया था, वो था सभी मंदिरों, स्कूलों और गुरुद्वारों के पास शराब की दुकानें खुलवाना। देश में सिर्फ़ एक शिक्षा मंत्री है जो शराब घोटाले में जेल गया। शिक्षा मंत्री का काम होता है, बच्चों को शिक्षा देना, स्कूल बनाना, शिक्षकों का कल्याण करना, नए कॉलेज बनाना। ये सब तो कुछ उन्होंने (मनीष सिसोदिया) किया नहीं, बल्कि दिल्ली में गली-गली में शराब की दुकानें खोली हैं। एक पटपड़गंज को धोखा देकर आया है। ये छोटे मियां, बड़े मियां की ठग जोड़ी ने दिल्ली को ठगने का काम किया



है। जंगपुरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि मैं यमुना जी के पानी में डुबकी लगाऊंगा। उन्होंने तो डुबकी नहीं लगाई। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनके कटआउट को डुबकी लगा दी। हमारे भाजपा वाले बड़े सीधे हैं, उनके कटआउट को वहीं छोड़ दिया। मैंने फिर कहा कि कटआउट की तबीयत पूछो कैसी है, तो जांच कराई तो पता चला, कटआउट को भी एम्स में आईसीयू में दाखिल करना पड़ा। इतना गंदा पानी है। उन्होंने यमुना को स्वच्छ नहीं किया, लेकिन आप भाजपा की सरकार बना दीजिए, 3 सालों में हम यमुना पर %यमुना रिवर फ्रंट% बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा, 卐ये (आम आदमी पार्टी) कह रहे हैं कि भाजपा आएगी तो सारी गरीब कल्याण की योजनाएं बंद हो जाएंगी। जबकि पीएम मोदी ने वादा किया है कि गरीब कल्याण की एक भी योजना बंद नहीं होगी। इसके अलावा दिल्ली की हर गरीब महिला को प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर देंगे और होली व दीपावली पर दो सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। 10 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा। हर झुग्गी-झोपड़ी को मालिकाना हक देने का काम किया जाएगा। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा, भाजपा ने वादा किया था कि हम जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाएंगे। केजरीवाल, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, इन सभी ने विरोध किया और कहा कि अनुच्छेद 370 हटाओगे तो कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी। पीएम मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया। खून की नदियां छोड़ो, किसी की पत्थर चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई।

## प्रियंका गांधी ने जंगपुरा में किया 'घर-घर' जाकर प्रचार



नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को दिल्ली के जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार फरहाद सूरी के समर्थन में घर-घर जाकर प्रचार किया। कांग्रेस ने प्रियंका गांधी के इस प्रचार का वीडियो अपने 'एक्स' हैंडल पर साझा किया। पार्टी ने कहा, ''कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी जी ने जंगपुरा में कांग्रेस उम्मीदवार फरहाद सूरी के समर्थन में डोर-टू-डोर प्रचार किया। दिल्ली की जनता आप-भाजपा के कुशासन से ऊब चुकी है और अब वह सिर्फ विकास की राजनीति को अपना समर्थन दे रही है।'' कांग्रेस ने कहा, ''जनता का भरोसा कांग्रेस के साथ है, इसलिए दिल्ली में आ रही है कांग्रेस।'' जंगपुरा से आम आदमी पार्टी की तरफ से पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से पूर्व विधायक तरविंदर सिंह मारवाह उम्मीदवार हैं।

## महाकुंभ में स्नान के लिये भूटान नरेश पहुंचे लखनऊ, योगी ने किया स्वागत

लखनऊ । महाकुंभ के अवसर पर त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने की चाहत के साथ भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक सोमवार को लखनऊ पहुंचे। श्री वांग्चुक मंगलवार को प्रयागराज जाकर संगम में स्नान करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भूटान नरेश को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका कुशलक्षेम जाना।

भूटान नरेश ने भी श्री योगी का अभिवादन किया। वहीं एयरपोर्ट



पर कलाकारों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप विभिन्न प्रस्तुतियों से उनका स्वागत किया। वांग्चुक ने भी कलाकारों की हौसलाअफजाई की। भूटान नरेश मंगलवार को प्रयागराज महाकुम्भ जाएंगे।

वे यहां संगम पर पावन त्रिवेणी स्नान व दर्शन-पूजन आदि करेंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी आदि ने एयरपोर्ट पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## दिल्ली में चुनावी हिंसा और गुंडागर्दी पर उठ रहे सवाल, सबसे बड़ा गुंडा कौन - केजरीवाल

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सवाल उठाया है कि दिल्ली के चुनावों में हो रही लगातार हिंसा और गुंडागर्दी ने पूरे देश में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमले, पत्रकारों के खिलाफ हिंसा, और चुनावी प्रचार में खुलेआम धमकियां देने की घटनाएं यह सवाल खड़ा कर रही हैं कि इस सबकी असली जड़ क्या है? केजरीवाल ने कहा कि लोग जानना चाहते हैं कि वह कौन सा गुंडा है, जिसके डर से दिल्ली पुलिस तक लाचार हो जाती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पत्रकारों पर खुलेआम हमले किए गए, जिनमें एक पत्रकार का सिर फट गया। यह घटना दिल्ली के प्रमुख स्थानों के पास, जैसे संसद और सुप्रीम कोर्ट के नजदीक हुई, लेकिन फिर भी पुलिस कार्रवाई में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हमलावरों को छोड़ा गया, जबकि पत्रकारों को ही गिरफ्तार कर



लिया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि वह कौन है, जो इन घटनाओं का सूत्रधार है और जिसके सामने सरकार और पुलिस सब नतमस्तक हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, चुनावी माहौल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा भी बढ़ी है, और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी लगातार हमले हो रहे हैं। गाड़ियों को नुकसान पहुंचाना, मटेरियल की जब्ती और खुलेआम धमकियां दी जा रही हैं। इन घटनाओं ने आम जनता को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि अगर चुनाव के दौरान ही यह हाल है, तो चुनाव के बाद का माहौल क्या होगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आखिरकार, यह देश के लोकतंत्र और स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों का अपमान है। इन सेनानियों ने हमें स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव देने का अधिकार दिलाया था, लेकिन अब चुनाव आयोग की निष्क्रियता और भाजपा के सामने उसकी स्थिति ने सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या भारतीय लोकतंत्र अब खतरे में है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजीव कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त, जिन्होंने इस महीने के अंत में रिटायर होना है, से जनता यह सवाल कर रही है कि क्या उन्हें किसी पोस्ट-रिटायरमेंट पद के बदले देश के लोकतंत्र को गिरवी रखने के लिए मजबूर किया जा रहा है?

यह एक बड़ा प्रश्न है, जो चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। देश की जनता अब जागरूक हो चुकी है और यह तय कर लिया है कि वह इस गुंडागर्दी का सामना करेगी।

लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की रक्षा करना अब हर नागरिक की जिम्मेदारी बन गई है।

## दिल्ली में बदहाली, साफ पानी न मिलने के लिए आप, भाजपा और कांग्रेस दोषी - मायावती



लखनऊ । बहुजन समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आप, भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश का आईना होने के बावजूद इसकी दुर्दशा है। यहां पर बदहाल जीवन और शुद्ध जल तक नसीब नहीं होने के लिए आप, केंद्र की भाजपा और कांग्रेस दोषी हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने दिल्ली वालों से अपील भी की है। मायावती ने अपने जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को देश का आईना होने के बावजूद इसकी दुर्दशा व शुद्ध जल तक नसीब नहीं हो पा रहा है। यहां के लोगों के हर प्रकार के बदहाल जीवन के लिए आप व केंद्र की भाजपा तथा पूर्व की कांग्रेस सरकार पूरी तरह से दोषी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में लोगों को जात-बिरादरी, धर्म व क्षेत्र आदि की संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठकर संविधान व अम्बेडकरवादी बसपा को ही वोट देकर इसे कामयाब बनाना चाहिए। जिसका सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय हितैषी सरकार उत्तर प्रदेश जैसे विशाल पड़ोसी राज्य में चला कर दिखाने का अपना जीता-जागता रिकॉर्ड स्थापित है। बसपा मुखिया ने कहा कि साथ ही दिल्ली की खासकर तंग व अविकसित कालोनियों में भी अब तक बुनियादी सुविधाओं के अभाव, झुग्गी-झोपड़ियों तथा अब तक वैध नहीं बनाई गई बस्तियों में रहने वाले लाखों परिवार के लोगों को विधानसभा चुनाव के दौरान विरोधी इन पार्टियों के नेताओं द्वारा किए जा रहे दावों के पूरी तरह से हवा-हवाई होने तथा इसके लिए एक-दूसरे को कसूरवार ठहराने की राजनीति से सावधान रहने को कहा है। बसपा मुखिया ने कहा कि अनगिनत नए वादों के छलावे से भी दूरी व होशियारी जरूरी है क्योंकि इन पार्टियों की ऐसी राजनीति से जन व देशहित का बहुत अहित होता चला आ रहा है। अतः स्पष्ट तौर पर आप, भाजपा व कांग्रेस इन विरोधी पार्टियों के संकीर्ण एजेंडे को लेकर द्वेषपूर्ण राजनीति झगड़े को लेकर सड़क से लेकर कोर्ट तक में लड़ाई से दिल्ली के लोगों का कुछ भी सही से भला नहीं होकर अधिकतर मामलों में विकास प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री द्वारा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बदहाल व्यवस्था पर विदेशों में शर्मिंदगी उठाने का बयान संकीर्ण राजनीति है क्योंकि इस हालात के लिए केंद्र व दिल्ली की राज्य सरकार दोनों पर ही विकास व कानून-व्यवस्था की संयुक्त जिम्मेदारी है। मायावती ने कहा कि यहां विधानसभा के लिए हो रहे चुनाव में बसपा अकेले अपनी पूरी दमदारी के साथ लड़ रही है। बेहतर परिणाम की उम्मीद भी है, बशर्ते यदि यह चुनाव पूरी तरह से स्वतंत्र व निष्पक्ष तथा धनबल, बाहुबल व साम्प्रदायिक एवं धार्मिक उन्माद आदि से मुक्त पाक-साफ होता है और ईवीएम में भी कोई गड़बड़ी व धांधली आदि नहीं की जाती है। जैसा कि अधिकांश पार्टियां इसकी आशंका जता रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा, आम आदमी पार्टी व कांग्रेस, में पूर्व की तरह ही इस बार भी जनता को अनेकों लुभावने वादे व गारंटी देने की काफी होड़ मची हुई है, जबकि इन पार्टियों ने यहां कई बार सत्ता में रहकर अपने किसी भी चुनावी वादे को पूरा नहीं किया है।

## रोजगार की स्थिति युवाओं को जवाब नहीं दे पा रही है सरकार - राहुल

नई दिल्ली । संसद के बजट सत्र के तीसरे दिन सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में कुछ भी नया नहीं था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर अपनी बात रखते हुए कहा, मैंने राष्ट्रपति का अभिभाषण सुना। मुझे कहना चाहिए कि मैंने राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान उस पर अपना ध्यान बनाए रखने के लिए संघर्ष किया, जो कहा जा रहा था, मैंने पहले भी लगभग यही अभिभाषण सुना है, यह वही चीजें हैं, जो सरकार ने की हैं। उन्होंने आगे कहा, यह राष्ट्रपति का वह अभिभाषण नहीं है, जिसकी मुझे उम्मीद थी। मेरे मन में सवाल आया कि 'इंडिया गठबंधन' की सरकार होती तो राष्ट्रपति का अभिभाषण कैसा होता। इस देश का भविष्य भारत के युवाओं द्वारा तय किया जाएगा। मुझे लगता है कि हम जो भी कहें, वह युवाओं को ध्यान में रखकर ही कहना चाहिए। हमारे सामने सबसे पहली बात यह है कि भले ही हम आगे बढ़े हैं और आगे भी बढ़ रहे हैं, लेकिन हम बेरोजगारी की सार्वभौमिक समस्या से निपटने में सक्षम नहीं हैं। न तो यूपीए सरकार और न ही आज की एनडीए सरकार ने इस देश के



युवाओं को रोजगार के बारे में कोई स्पष्ट जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया की जो बात की, वह एक अच्छा आइडिया है। परिणाम आपके सामने है, साल 2014 में विनिर्माण जीडीपी 15.3 फीसदी से गिरकर आज जीडीपी के 12.6 फीसदी पर आ गया है, जो 60 वर्षों में विनिर्माण का सबसे कम हिस्सा है। मैं प्रधानमंत्री को दोष नहीं दे रहा हूं, यह कहना उचित नहीं होगा कि उन्होंने प्रयास नहीं किया। मैं कह सकता हूं कि प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे हैं। राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा, लोग एआई के बारे में बात करते हैं, लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि एआई अपने आप में बिल्कुल निरर्थक है क्योंकि एआई डेटा के ऊपर काम करता है। डेटा के बिना एआई का मतलब कुछ भी नहीं है और अगर हम आज डेटा को देखते हैं, तो एक बात है जो बहुत स्पष्ट है। प्रत्येक डेटा का एक टुकड़ा जो विश्व में उत्पादन प्रणाली से बाहर आता है। इस डेटा का फोन को बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया, जो कि इलेक्ट्रिक कारों को बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने आगे कहा, आज धरती पर मूल रूप से सभी इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने के लिए उपयोग किया जाने वाला डेटा चीन के स्वामित्व में है। जबकि, खपत डेटा संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वामित्व में है। इस क्षेत्र में चीन, भारत से कम से कम 10 साल आगे है। चीन पिछले 10 सालों से बैटरी, रोबोट, मोटर, ऑप्टिक्स पर काम कर रहा है और हम पीछे हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी बैंकिंग प्रणाली पर दो-तीन कंपनियों द्वारा कब्जा न की जाए, जो मूल रूप से आपको उत्पादन प्रणाली बनाने की अनुमति नहीं देती हैं। राहुल गांधी ने विदेश नीति पर बात करते हुए कहा कि हम प्रधानमंत्री को बुलाने के न्यौते के लिए अपने विदेश मंत्री को अमेरिका नहीं भेजते। इस पर किरेन रिजिजू ने आपत्ति जताते हुए कहा कि विपक्ष के नेता को इस तरह की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। इसके बाद राहुल ने माफी मांगते हुए कहा कि विचलित हुए तो माफी मांगता हूं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, मुझे याद है कि चुनाव से पहले आप सभी (भाजपा) %400 पार% कह रहे थे और कह रहे थे कि आप इसे (संविधान का हवाला देते हुए) बदल देंगे। फिर मुझे यह देखकर खुशी हुई कि प्रधानमंत्री अंदर आए और फिर उन्हें संविधान के सामने अपना सिर झुकाने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह सभी कांग्रेसियों के लिए गर्व का क्षण था। मुझे पता है कि आरएसएस ने इसे कभी स्वीकार नहीं किया। मोहन भागवत ने कहा है कि भारत को 1947 में आजादी नहीं मिली। उन्होंने कहा है कि यह निरर्थक है। हम आपके सपने को कभी पूरा नहीं होने देंगे। यह संविधान हमेशा भारत पर राज करने वाला है।

## पीएम मोदी ने की छात्रों से बातचीत, कहा- स्टूडेंट्स के भविष्य से खेल रही है आप सरकार

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली सरकार कैसे अपनी छवि के लिए छात्रों के भविष्य को नुकसान पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के छात्रों के साथ खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने सुना है दिल्ली में 9वीं कक्षा के बाद छात्रों को आगे जाने नहीं दिया जाता। जो बच्चे गारंटी है कि पास होंगे, उन्हीं को आगे जाने दिया जाता है, क्योंकि उनका रिजल्ट खराब होगा तो सरकार (आप) की इज्जत खराब हो जाएगी। इसलिए यह बड़ा बेईमानी का काम होता है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 फरवरी को आरके पुरम में एक चुनावी रैली को संबोधित किया था। उन्होंने खुद को जनता का सेवक बताते हुए दिल्लीवासियों को गारंटी दी कि भाजपा की सरकार बनने के बाद वह झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों और मध्यम वर्ग के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। आप में मची भगदड़ की ओर इशारा करते हुए पीएम मोदी ने कहा था, झाड़ू तिनके की तरह बिखर रही है क्योंकि आपदा के नेता इसे छोड़ रहे हैं। हाल ही में आपदा के आठ विधायकों के भाजपा में शामिल होने के फैसले का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा, आपदा सरकार दिल्ली के मतदाताओं के सामने बेनकाब हो गई है। पीएम मोदी ने आप सरकार के घोटालों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप नेताओं को जवाब देना होगा और जिन्होंने लूटा है, उन्हें लौटाना ही पड़ेगा। बता दें कि दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा, जबकि नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार आज शाम से थम जाएगा।

# संपादकीय

## जन्म-मरण के चक्र से मुक्त कराती है गीता

अनन्त शास्त्र है, विद्याएं भी बहुत हैं और हमारी आयु इतनी स्वल्प है कि रोग-शोकादि, विघ्न-बाधाओं से भरी इस छोटी अवधि में उनका पार पाना कठिन ही नहीं, असम्भव भी है, अत: बुध्दिमता इसी में है कि इन शास्त्रों की सारभूत बातों को ग्राहण करके आत्मोध्दार कर लिया जाए। वेदोपनिषदों का सार- शास्त्रों की इसी अनन्ता और मानव-जीवन की क्षणभंगुरता को ध्यान में रखकर धर्म संस्थापनार्थ अवतार ग्रहण करने वाले साक्षात् ब्रह्म भगवान श्रीकृष्ण ने मानवों के कल्याण के लिये उन समस्त ज्ञान-विज्ञान विषयक विधिक शास्त्रों के साररूप गीता-ग्रंथ को हमारे लिये उपलब्ध करवा दिया। श्रीमद्भगवद् गीता समस्त वेदोपनिषदों का सार-रूप है। इसकी अनन्त महिमा है। यह वह ब्रह्मविद्या है जिसे जान लेने के बाद मनुष्य जन्म-मरण के चक्र से सर्वथा मुक्त हो जाता है। यह भक्तियोग, ज्ञानयोग और कर्मयोग से समन्वित एक समग्र योगशास्त्र है जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने अत्यन्त प्रगाढ़ और प्रभावपूर्ण ढंग से योग के विविध रूपों के द्वारा प्राप्त होने वाली मानव-पुरुषार्थ की विभिन्न उपलब्धियों का, जीवन के लक्ष्य का, धर्म के निगूढ़ तत्वों का, भक्ति-ज्ञान और कर्म के मार्ग का बड़ी ही सरल शब्दावली में रहस्योद्घाटन किया है। भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं इस गीताशास्त्र की प्रशंसा में कहा है कि अध्येच्यते चय इमं धर्म्य संवादभावयो:। ज्ञानयज्ञेन तेनाहमिष्ट: स्यामिति मे मति:। श्रध्दाझवाननसूयश्च शणुयादापि यो नर:। सो पिमुक्त: शुमां ल्लोकान्प्राप्नुयात्पुण्यकर्मणाम्॥ अर्थात् जो पुरुष इस धर्ममय हम दोनों (श्रीकृष्ण और अर्जुन) के संवादरूप इस गीताशास्त्र को पढ़ेगा, उसके द्वारा भी मैं ज्ञानयज्ञ से पूजित होऊंगा। जो मनुष्य श्रध्दायुक्त और दोषदृष्टि से रहित होकर इस गीताशास्त्र का श्रवण भी करेगा, वह भी पापों से मुक्त होकर उत्तम कर्म करने वालों के समान श्रेष्ठ लोकों को प्राप्त करेगा और जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो जायेगा। हमारा मन आंतरिक संग्राम के लिये महाभारत का कुरुक्षेत्र है जहां हर क्षण संग्राम जारी रहता है, अत: हम सबको ज्योति, ज्ञान तथा सन्मति प्राप्त करनी चाहिये जिसे भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अर्जुन को दिया है। जीवन के मुख्य तत्वों का वर्णन करते हुए परमात्मा श्रीकृष्ण ने सम्पूर्ण जगत् की समस्याओं का वर्णन किया है, जो सार्वभौमिक है। अर्जुन के निमित्त से भगवान श्रीकृष्ण ने सारी मानव जाति के लिये भगवद्गीता प्रदान की है। श्रीकृष्ण नित्य तत्व के प्रतीक हैं और अर्जुन ससीम मनुष्य का। गीता का उपदेश किसी व्यक्ति विशेष, सम्प्रदाय के लिये नहीं वरन् सभी मनुष्यों के लिये है। गीता कहती है कि योगी वही है जिसने विचारों का संन्यास धारण कर लिया है। आत्मा पर ध्यान द्वारा इस योग की प्राप्ति होती है। इसको प्राप्त कर लेने पर मनुष्य के लिये अन्य लाभ नहीं रह जाता। इसमें स्थित होकर मनुष्य गुरुत्तम आपत्तियों में भी विचलित नहीं होता। वही योग है, जो सारे दु:खों को विनष्ट करता है। उसी का अभ्यास करने पर गीता बल डालती है क्योंकि अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मनुष्य योग में स्थित हो जाता है। यदि इस जीवन में लक्ष्य प्राप्ति न हुई हो तो वह दूसरा अनुकूल जन्म लेकर अभ्यास जारी रखता है। पिछले संस्कार उसका मार्गदर्शन करते हैं। वह ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है। गीताशास्त्र शास्त्रों का भी शास्त्र है। भगवान की स्पष्ट आज्ञा है कि कर्तव्याकर्तव्य-विवेक के लिये शास्त्र ही परम प्रमाण है। तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यवस्थितौ। इसका तात्पर्य यह है कि सभी लोग अपने वर्ण एवं आश्रम-मर्यादा में स्थिर रहें, मनमाना आचरण करने का किसी को अधिकार नहीं है। जो लोग शास्त्र की आज्ञा को टालकर या त्यागकर अपनी इच्छा से मनमाना आचरण करते हैं। वे न तो सिध्दि को ही प्राप्त करते हैं और न ही परमगति और सुख को ही। य: शास्त्र विधि मुत्स ज्य वर्तते कामकारत:। न स सिध्दिभवान्नोति न सुख न परां गतिम्॥ (गीता- 16/23) गीता के उपदेश- गीता शास्त्र की आज्ञा है कि काम क्रोध, लोभ और मोह आदि का सर्वथा त्याग करते हुए सर्वत्र सभी प्राणियों में भगवद् बुध्दि करते हुए वासुदेव सर्वम् ऐसा भाव रखते हुए अपने कर्तव्य-पथ में आगे बढ़ते हुए सभी कर्म को भगवान को समर्पित करके उन्हीं के शरणागत हो जाने पर ही वह दैवी सम्पत्तिवान हो सकता है। गीता कहती है कि परमात्मा मनुष्य को पाप-पुण्य प्रदान नहीं करता। प्रकृति ही ऐसा करती है। ज्ञान-अज्ञान से आवत होता है। यही कारण है कि सारे जीव भ्रमित होते रहते हैं। ब्रह्म उन्हीं के लिये प्रकट होता हैं। ब्रह्म उन्हीं के लिये प्रकट होता है जिन्होंने आत्मज्ञान द्वारा अज्ञान को हटा दिया है। वहीं इस भव के जन्म और मृत्यु रूपी चक्र पर विजय पाते हैं। यह संसार उस वृक्ष के समान है जिसका मूल ऊपर है तथा शाखाएं नीचे फैली हैं। असंग शास्त्र द्वारा इस वक्ष का मूलोच्छेद करने की प्रक्रिया मात्र गीता में ही बतायी गयी है। गीता कहती है कि जगत की हर वस्तु ब्रह्म की ही छाया है। वह सभी वस्तुओं का अतिक्रमण करता है। वह जीव तथा माया से परे होता है क्योंकि वह पुरुषोत्तम है जिसका वर्णन सभी वेदों में किया गया है। जो उसे जान गया, उसने सारे कर्तव्य कर लिये, वही ज्ञानी है तथा वही परमात्मा की कृपा पाने का भी अधिकारी होता है। गीता का उपदेश है- करुणा को अपनाओ, असत्य का आश्रय न लो, सत्य-पथ को अपनाओं, पवित्रता से रहो, आहार-विहार को शुध्द करो, सभी प्राणियों की सेवा करो, किसी भी प्राणी के साथ मन, वाणी और शरीर से किसी भी प्रकार का वैर न रखो, सबके साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करो, द्वेषभाव को त्यागकर सबको कल्याण में रमे रहो, माता-पिता गुरुजनों की सेवा करो और काम, द्वेषभाव को त्यागकर सबके कल्याण में रमे रहो, माता-पिता गुरुजनों की सेवा करो और काम क्रोध, लोभ तथा मोह को पास मत फटकने दो। भगवान का स्मरण करते रहो तथा यह मत भूलो कि संसार नश्वर है और नित्य परिवर्तनशील है। एकमात्र भगवान ही हमारे सच्चे सुहृद है, अत: सर्वभाव से उन्हीं की शरण ग्रहण करना परम कर्तव्य है। तमेव शरणं गच्छ, सर्वभावेन भारत। तत्प्रसादात्परां शांति स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम्॥

## 4 फरवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.09 प्रात-
सूर्यास्त- 06.12 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 10.55 प्रात-
चंद्र अस्त- 12.19 रात्रि
चंद्रमा- मेष राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना माघ-06 पूर्णिमांत महीना माघ-22 पक्ष- शुक्ल पक्ष 07,तिथि-सप्तमी प्रात- 02.30 तक बाद में अष्टमी,
नक्षत्र-अश्विनी रात्रि- 09.49 तक बाद में भरणि,योग- शुभ रात्रि- 12.06 तक बाद में शुक्ल,करण-ग़र दोपहर- 03.32 तक बाद में वणिज रात्रि- 02.30 तक बाद में विष्टी, राहु काल प्रात- 03.00 से 04.30 बजे तक,कुलीक काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक, यमगंड प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त- 12.18 से 01.02 तक दुमुहूर्त दोपहर- 09.21 से 10.06 तक 11.22 से 12.14 तक अमृत काल दोपहर- 03.02 से 04.33 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.32 से 06.20 तक।

## 4 फरवरी 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- बहुत समय से किसी कार्य में लगे है उसका परिणाम ना मिलने से असंतोष बढ़ेगा, ससुर से सम्बन्ध में परेशानी आ सकती है, कर्ज लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-48

वृषभ- बड़ी आमदनी का मार्ग खुलेगा, उसी से कोई कार्य भी बनेगा, दूसरी संतान होने में मुश्किल होगी, कंस्ट्रक्शन मेटेरियल व्यवसाय चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-77

मिथुन- घर प्लॉट या दुकान में नकारात्मकता अनुभव हो सकती है, वैवाहिक जीवन किसी समझौते के साथ शुरू करेंगे, कर्ज लेना आवश्यक हो जाएगा।
भाग्य प्रतिशत-50

कर्क- काम में मन लगाए इधर उधर का जल्दी तरक्की का विचार अवनति दे सकता है, मित्रों के साथ समबन्ध अच्छे होंगे मित्र के विवाह में भी जा सकते है, कोई अचीवमेंट मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-59

सिंह- किसी नए समबन्ध को तभी शुरू करे जब आगे तक जाना हो, क्रिएटिव कार्य धन और सम्मान दोनों देगा, वाहन का ध्यान रखना होगा।
भाग्य प्रतिशत-56

कन्या- नकारात्मक प्रभाव सोच को प्रताड़ित करेगा अवसाद ग्रस्त हो सकते हैं, अधिक फैशनेबल सुन्दर जीवनसाथी प्राप्त होगा, कहीं दूर की यात्रा भी सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-56

तुला- जीवन साथी से विचार मिलेंगे, उसकी से कोई मदद भी मिलेगी, रिश्तेदार के यहां जाना भी होगा कोई उपहार भी मिल सकता है, खर्चा बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-73

वृश्चिक- रोग से उबरने में मदद मिलेगी फिर भी ध्यान रखें, विरोधी शांत होंगे कार्य आसानी से हो सकेगा, व्यवसायीक, धार्मिक यात्रा कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-51

धनु- दिमाग में शांति अनुभव होगी, प्रेम विवाह के लिए जिद पर अड़े रहेंगे, तकनीकी व्यवसाय में थोड़ी परेशानी से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-55

मकर- प्रयास करते रहे अटकलों के साथ काम होगा, इमेज का प्रभाव लोगों पर पड़ेगा, घर से कार्य करते है उसमे लाभ होगा, तनाव लेना छोड़ना होगा।
भाग्य प्रतिशत-52

कुम्भ- लोग मदद करेंगे, पड़ोसियों के साथ भी समबन्ध अच्छे होंगे, ऑफिस में क्रोध ना करें उल्टा पड़ सकता है, पुलिस वाले थोड़ा अलर्ट रहें।
भाग्य प्रतिशत-62

मीन- पैसे की कमी नहीं होगी बचत भी करेंगे और खर्च भी, मनोरंजन करेंगे, किसी दूसरे परिवार से जुड़ाव महसूस करेंगे, केस में कोर्ट जाना होगा।
भाग्य प्रतिशत-75

# अभिषेक के रिकॉर्ड शतक से भारत ने इंग्लैंड को 150 रन से हराकर श्रृंखला 4-1 से जीती




मुंबई ।अभिषेक शर्मा (नाबाद 135 रन/दो विकेट) हरफनमौला और मोहम्मद शमी (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को पांचवें और अखिरी टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 150 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज 4-1 से जीत ली। भारत के रिकार्ड 247 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने तेजी के साथ रन बनाते हुए अच्छी शुरुआत करने का प्रयास किया दोनों के बीच पहले विकेट के लिए महज 2.1 ओवर में 23 रन की साझेदारी हुई। तीसरे ओवर में मोहम्मद शमी ने बेन डकेट (शून्य) को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। आठवें ओवर में शिवम दुबे ने एक छोर थामे खड़े फिल सॉल्ट को आउट कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। फिल सॉल्ट ने 23 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (55) रनों की पारी खेली। साल्ट के आलवा जेकब बेथेल (10) रन ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। इंग्लैंड की पूरी टीम 10.3 ओवर में 97 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने 25 रन देकर तीन विकेट लिये। अभिषेक शर्मा ने तीन रन देकर दो विकेट लिये। वरूण चक्रवर्ती ने 25 रन देकर दो बल्लेबाजों को आउट किया। शिवम दुब ने 11 रन देकर दो विकेट लिये। रवि बिश्नोई ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहाँ वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए अभी मात्र 21 रन ही जोड़े थे कि मार्क वुड ने संजू सैमसन (16) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये तिलक वर्मा ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान अभिषेक शर्मा ने छक्को की बारिश करते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजों की खूब खबर ली। अभिषेक शर्मा ने मात्र 17 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। नौवें ओवर में ब्राइडन कार्स ने तिलक वर्मा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। तिलक वर्मा ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (24) रन बनाये। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने 11वें ओवर की पहली गेंद पर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 37 गेंदों में पांच चौके और 10 छक्कों की मदद से अपना शतक बनाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव एक बार फिर विफल रहे। वह मात्र दो रन बनाकर आउट हुये। शिवम दुबे ने 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (30) रनों की पारी खेली। हार्दिक पंड्या (नौ) और रिंकू सिंह (नौ) रन बनाकर आउट हुये। 18वें ओवर में अभिषेक शर्मा के रूप में भारत का सातवां विकेट गिरा। अभिषेक शर्मा ने 54 गेंदों में सात चौके और 13 छक्के लगाते हुए 135 रनों की पारी खेली। उन्हें आदिल रशीद ने आउट किया। अक्षर पटेल (15) रनआउट हुये। 20वें ओवर में मोहम्मद शमी और रवि बिश्नोई बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 247 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से ब्राइडन कार्स ने तीन विकेट लिये।मार्क वुड को दो विकेट मिले। जोफ़्रा आर्चर,जेमी ओवर्टन और आदिल रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई अक्षय कुमार की फिल्म स्काईफोर्स




मुंबई । बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की फिल्म स्काईफोर्स ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म स्काईफोर्स में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर, सारा अली खान और वीर पहाड़िया की अहम भूमिका है।'स्काई फोर्स' में अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया इंडियन एयरफोर्स के पायलट्स के किरदार में हैं। यह फिल्म स्क्वाड्रन लीडर देवय्या और भारतीय वायु सेना के अन्य सदस्यों की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिन्होंने 1965 भारत-पाक युद्ध दौरान लड़ाई लड़ी थी। फिल्म स्काईफोर्स गणतंत्र दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को रिलीज हुयी है।इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और ये बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है। फिल्म ने शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत रखी है और अब दूसरे वीकेंड़ पर भी 'स्काई फोर्स' ने अच्छी कमाई कर ली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म स्काईफोर्स ने सात दिनों भारतीय बाजार में 86.5 करोड़ रूपये की कमाई की थी। फिल्म में आठवें दिन 3 करोड़, नौवें दिन 5 करोड़ और 10वें दिन 5.57 करोड़ की कमाई कर ली है। इस तरह फिल्म स्काईफोर्स ने दस दिनों भारतीय बाजार में 100 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। वीर पहाड़िया ने फिल्म स्काईफोर्स के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया है।फिल्म स्काईफोर्स का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है,जबकि इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजन और अमर कौशिक और जियो स्टूडियोज़ के तहत ज्योति देशपांडे ने किया है।

## शाहिद कपूर की फिल्म देवा का नया गाना मर्जी चा मालिक रिलीज




मुंबई । शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म देवा का नया गाना मर्जी चा मालिक रिलीज हो गया है। फिल्म देवा, 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। इस बीच निर्माताओं ने देवा का नया गाना मर्जी चा मालिक रिलीज कर दिया है, जिसमें शाहिद का धांसू अवतार दिख रहा है। मलयालम सिनेमा के मशहूर निर्देशक रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी फिल्म देवा एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है, जिसका ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स ने निर्माण किया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म देवा ने भारतीय बाजार में तीन दिनों में करीब 20 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।

## बजट के बाद सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट



नई दिल्ली । आम बजट पेश होने के बाद इस सप्ताह पहले दिन सोमवार को सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत सुस्त रही। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। पिछले महीने सोने के वायदा भाव नए रिकॉर्ड बनाये थे। इस समय सोने के वायदा भाव 82,150 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 92,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 404 रुपये की गिरावट के साथ 81,900 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 162 रुपये की गिरावट के साथ 82,142 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 82,284 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 81,862 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 8 2,600 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 515 रुपये की गिरावट के साथ 92,699 रुपये पर खुला। इस समय यह 342 रुपये की गिरावट के साथ 92,872 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 93,391 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 91,725 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल चांदी के वायदा भाव ने 1,00081 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वहीं वैश्विक- बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,846.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,835 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 27.50 डॉलर की गिरावट के साथ 2,807.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.46 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.26 डॉलर था। हालांकि इस समय यह 0.56 डॉलर की गिरावट के साथ 31.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## लवयापा - सचिन तेंदुलकर और उनकी फैमिली के लिए स्पेशल स्क्रीनिंग रखेंगे आमिर खान

मुंबई । जुनैद खान और खुशी कपूर स्टारर अपकमिंग फिल्म 'लवयापा' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। अभिनेता और जुनैद के पिता आमिर खान अपने दोस्त और क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और उनके परिवार के लिए फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग रखेंगे।

जानकारी के अनुसार आमिर खान सचिन तेंदुलकर और उनके परिवार के लिए 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार खुशी कपूर-जुनैद खान की फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग रखेंगे।'लवयापा' देखने के लिए 'मास्टर ब्लास्टर' के नाम से मशहूर क्रिकेटर अपने परिवार के साथ शामिल होंगे। हालांकि, स्क्रीनिंग कब रखी जाएगी, इसकी तारीख सामने नहीं आई है। पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने एक फाउंडेशन की स्थापना की, जिसके जरिए वह वंचित लोगों, खासकर बच्चों की मदद करते हैं। सचिन फाउंडेशन के जरिए पत्नी अंजली के साथ जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, सेहत और खेल को लेकर काम कर रहे हैं। फाउंडेशन ने हाल ही में अपने पांच साल पूरे किए हैं, जिसे लेकर तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में वह अपनी भावनाएं व्यक्त करते नजर आए थे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उनका सपना बच्चों के लिए एक बेहतर दुनिया बनाना है। 'लवयापा' के बारे में बता दें कि यह एक युवा जोड़े के सफर को दिखाती है, जिनके रिश्ते में तब मुश्किलें आती हैं, जब वे मोबाइल फोन की अदला-बदली करते हैं और एक-दूसरे के बारे में कुछ सच्चाइयों को जान जाते हैं। यह फिल्म तमिल हिट 'लव टुडे' की रीमेक है, जिसमें 2022 में प्रदीप रंगनाथन और इवाना ने मुख्य भूमिका निभाई थी। आधुनिक रोमांस पर आधारित 'लवयापा' जुनैद और खुशी दोनों की दूसरी फिल्म है, जिसका निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है। लवयापा का निर्माण फैंटम स्टूडियो ने एजीएस एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया गया है। फिल्म में जुनैद और खुशी के साथ राधिका सरथकुमार, सत्यराज, योगी बाबू, एजाज खान, रवीना रवि, अदनान सिद्दीकी और स्वाति वर्मा जैसे सितारे अहम भूमिका में हैं। फिल्म 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 67 पैसे गिरा, पहली बार 87 के पार

मुंबई । रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 67 पैसे की गिरावट के साथ 87.29 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद व्यापक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच स्थानीय मुद्रा में यह भारी गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत तथा चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया है। यह कदम विनाशकारी वैश्विक व्यापार युद्ध की ओर पहला कदम है। उन्होंने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा तेल आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग के कारण विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती से रुपये पर दबाव जारी रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.00 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 67 पैसे की गिरावट के साथ डॉलर के मुकाबले 87.29 पर आ गया। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.62 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109.77 पर रहा। गिरता रुपया बढ़ाएगा संकट- डॉलर के मुकाबले रुपये के गिरने से आम आदमी भी प्रभावित होगा। खाद्य तेल और दलहन का बड़ी मात्रा में भारत आयात करता है। डॉलर महंगाई होने से तेल और दाल के लिए अधिक खर्च करने पड़ेंगे जिसका असर इनकी कीमतों पर होगा। ऐसे में इनके महंगा होने से आपके किचन का बजट बिगड़ सकता है।
इसके अलावा विदेश में पढ़ाई, यात्रा, दलहन, खाद्य तेल, कच्चा तेल, कंप्यूटर, लैपटॉप, सोना, दवा, रसायन, खाद और भारी मशीन जिसका आयात किया जाता है वह महंगे हो सकते हैं। रुपये के गिरने से इन पर भी पड़ेगा असर- डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट की वजह से दवाओं के आयात के लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है,। इससे वह महंगी हो जाती हैं। इसी तरह विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी ज्यादा पैसे चुकाने पड़ जाते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से विदेश यात्रा, वहां होटल में ठहरना और खाना भी महंगा हो जाता है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## दिल्ली चुनाव में कांग्रेस नेताओं ने किया संदीप दीक्षित के समर्थन में रोड शो



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी और विभिन्न नेताओं को चुनाव प्रचार में शामिल होने के निर्देश दिए। इसी क्रम में नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित के समर्थन में किसान कांग्रेस द्वारा एक बड़े रोड शो का आयोजन किया गया। इस रोड शो में किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र सिंह के साथ बुलंदशहर से पीसीसी सदस्य इंजीनियर रवि लोधी और जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने भाग लिया। उन्होंने कांग्रेस की नीतियों और यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों को जनता के समक्ष रखा। साथ ही, उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित द्वारा कराए गए विकास कार्यों को याद दिलाते हुए संदीप दीक्षित के समर्थन में भारी मतदान करने की अपील की। रोड शो में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने संदीप दीक्षित के समर्थन में जोरदार नारे लगाए और चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## वैदिक यज्ञ के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का उत्सव






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में हज़रतपुर स्थित छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आज वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ मां शारदे का जन्मदिवस और बसंत पंचमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान विद्यालय के प्रबंधक मनोज नारायण बेरी रहे।
कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ब्रजकिशोर और रामकिशन भी यज्ञ में सम्मिलित हुए। इस दौरान विद्यालय की बहनों ने मां शारदे का रूप धारण किया और सभी अतिथियों तथा भैया बहनों ने शारदा स्वरूप बहनों की आरती उतारी। यज्ञ की संपूर्ण व्यवस्था विद्यालय के आचार्य सुबीन गुप्ता द्वारा की गई, और सभी भैया बहनों ने यज्ञ में आहुति दी। इस अवसर पर उन्होंने अपने आने वाले भविष्य को सफल बनाने के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में प्रबंधक मनोज बेरी ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह वह ऋतु है जब मौसम सबसे सुंदर हो जाता है और प्रकृति एक नई सजावट के साथ खिल उठती है। उन्होंने बताया कि इस ऋतु में ठंड का असर धीरे-धीरे समाप्त होता है और वृक्षों पर पुष्प खिलने लगते हैं, जिससे चारों ओर हरियाली फैलने लगती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

## सिद्धपीठ श्री महाकाली जी का स्थापना वार्षिक महोत्सव मनाया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में सिद्धपीठ श्री महाकाली जी के स्थापना वार्षिक महोत्सव के अवसर पर प्रातःकाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। इस धार्मिक कार्यक्रम में श्री परम पूज्य रविनंदन शास्त्री जी महाराज द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें मां काली के भजनों का गुणगान कर भक्तों को आनंदित किया। भजन संध्या में महंत पंडित शिव शंकर शर्मा, विजय अग्रवाल, अजय वर्मा, मोहित पंडित, योगेश वर्मा, बबलू भैया, देवांश शर्मा सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे और धार्मिक अनुष्ठानों का लाभ लिया। इस अवसर पर भक्तों ने मां काली के चरणों में श्रद्धा अर्पित की और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

## कांग्रेस नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम सिद्दीकी का इंतकाल, परिवार में पसरा मातम



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर के मोहल्ला ईदगाह निवासी और पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अब्दुल सलाम सिद्दीकी का बीमारी के कारण अचानक इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर से नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं, रिश्तेदारों और नागरिकों में शोक का माहौल है। जैसे ही इस दु:खद समाचार का पता चला, कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता, रिश्तेदार और नगरवासी उनके निवास स्थान पर एकत्रित हुए और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। अब्दुल सलाम सिद्दीकी नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर लंबे समय तक आसीन रहे। वे मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे, जिन्हें सभी वर्गों में सम्मान प्राप्त था। अब्दुल सलाम सिद्दीकी का जनाजा रात के वक्त, मगरिब की नमाज के बाद पंच पीर कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके जनाजे में नगर के सभी सामाजिक और राजनीतिक लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

## बाजार में लगा जाम, परेशान हुए लोग- युवा समाजसेवी योगेश शर्मा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



शिकारपुर (रीशू कुमार)। नगर में जाम की समस्या दिन-ब-दिन विकराल रूप लेती जा रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ठोस कदम उठाने में असफल नजर आ रहा है। वाहन चालक जहां जगह मिलती है, वहीं वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे यातायात बाधित हो जाता है। नगर के मुख्य बाजार जैसे छोटा बाजार, बड़ा बाजार, खुर्जा अड्डा, सर्राफा बाजार, इमली बाजार, चैनपुरा और पैठ चौराहे पर अक्सर लोग जाम में फंसकर परेशान हो जाते हैं। पंजाब नेशनल बैंक, कैनरा बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और कोतवाली के सामने जाम की स्थिति विकट बनी रहती है, जिससे घंटों यातायात बाधित रहता है। सोमवार को दोपहर में सड़क किनारे कई वाहन अव्यवस्थित रूप से खड़े होने के कारण बाजार में भारी जाम लग गया, जिससे लोगों को लगभग आधे घंटे तक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थानीय प्रशासन की ओर से एसडीएम ने बताया कि जाम की समस्या से निपटने के लिए होमगार्ड के जवानों को तैनात किया जाएगा। यदि सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन खड़े पाए जाते हैं, तो उनका चालान किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्वयं मौके का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई करेंगे। वहीं, नगर पालिका की ईओ नीतू सिंह ने कहा कि दुकानों और बैंकों के सामने अवैध अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बढ़ रही है। प्रशासन जल्द ही ऐसे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा ताकि नगरवासियों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में पशुपालन, मत्स्य, लघु सिंचाई और नेडा विभाग की योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत पशुपालन विभाग की विस्तृत समीक्षा से हुई, जिसमें मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की। गौशालाओं और संरक्षित गौवंशों की भरण-पोषण व्यवस्थाओं पर विशेष चर्चा हुई, जिसमें सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गौवंशों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया कि अक्टूबर 2024 तक का भुगतान हो चुका है और शेष माह का भुगतान प्रक्रिया में है। जनपद में निर्माणाधीन दो वृहद गौ आश्रय स्थलों के निरीक्षण और गुणवत्ता युक्त सामग्री के उपयोग के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बैकयार्ड पोल्ट्री योजना, बकरी पालन योजना और नंद बाबा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए इनके प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ ले सकें। नेडा विभाग की समीक्षा के दौरान पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 2027 तक 50,000 घरों पर सोलर पैनल लगाने के लक्ष्य की समीक्षा की गई। इस योजना में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनुदान दिया जा रहा है, और जनपद में सात वेंडर सोलर पैनल लगाने का कार्य कर रहे हैं। बैठक में योजना के प्रचार-प्रसार और जनता को इसके लाभों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए गए, जिससे लोग बिजली बिल शून्य कर सकते हैं या ग्रिड को बिजली बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। सरकारी भवनों पर सोलर पैनल लगाने की प्रगति की भी समीक्षा की गई, जिसमें विभागों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा में योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। विभाग द्वारा जारी की जाने वाली एनओसी के निस्तारण में तेजी लाने और लंबित आवेदनों को शीघ्र सुलझाने पर विशेष जोर दिया गया। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान सहायक निदेशक मत्स्य ने प्रधानमंत्री मत्स्य योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है। मुख्यमंत्री मत्स्य योजना, मछुआ कल्याण कोष, मछुआ गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने, निषाद बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य एयरेशन सिस्टम योजना और रिवर रेचिंग योजना के तहत किए जा रहे कार्यों पर चर्चा हुई। किसान क्रेडिट योजना के अंतर्गत मछुआरों को लोन दिलाने की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। मछुआ दुर्घटना योजना के तहत दुर्घटना की स्थिति में 25,000 से 5 लाख रुपये तक की सहायता दिए जाने का प्रावधान है। बैठक में निर्देश दिया गया कि किसी दुर्घटना की स्थिति में संबंधित परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता दी जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री कुलदीप मीना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता सुरेंद्र नागर के पुत्र वैभव नागर के वाग्दान संस्कार में जुटे वीवीआईपी और वीआईपी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



गुलावठी (सैय्यद मजहर)। वेदराम कॉलेज में राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय सचिव चौधरी सुरेंद्र नागर के पुत्र वैभव नागर का वाग्दान संस्कार बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में देशभर से वीवीआईपी और वीआईपी लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि दिल्ली में जल्द ही भाजपा की सरकार बनेगी और वहां झूठ की दुकान बंद होगी। उन्होंने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की यमुना नदी की सफाई नहीं कराई गई, जिससे वहां का पानी अब पीने योग्य नहीं रहा। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने महाकुंभ में मौतों के असली आंकड़े छिपाने पर अखिलेश यादव को दिमागी इलाज कराने की नसीहत दी। वहीं, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 'बहरूपिया' बताते हुए दावा किया कि उनकी जमानत जब्त होगी। इस कार्यक्रम में पहुंचे सभी वीवीआईपी मेहमानों का सुरेंद्र नागर और उनके परिवार की ओर से भव्य स्वागत किया गया। पारस ग्रुप के एमडी उद्योगपति चौधरी राजेंद्र नागर, चौधरी गजेंद्र नागर, चौधरी नरेंद्र नागर, चौधरी हरेंद्र नागर और पारस हेल्थ केयर के एमडी डॉ. धर्मेंद्र नागर ने भी सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस भव्य आयोजन में पालिकाध्यक्ष शैलेश तेवतिया और नवनियुक्त नगर मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी ने टोल प्लाजा पर कई भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रमुख अतिथियों में भाजपा नेता सत्येंद्र सिसोदिया, विधायक लक्ष्मी राज सिंह, पवन सिंह, सतवीर सिंह, तेजवीर सिंह, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह, पूर्व विधायक विमला सोलंकी, विधायक गजेंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान, शोपाल सिंह, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद और डॉक्टर शोभा आनंद सहित नगर के कई सामाजिक एवं राजनीतिक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नागर परिवार को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और पुलिस प्रशासन का भी भारी बंदोबस्त देखने को मिला।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित शातिर अपराधी गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जनपद में अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अरनिया पुलिस ने दिनांक 02 फरवरी 2025 को गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त योगी उर्फ योगेंद्र पुत्र भगवत स्वरूप शर्मा निवासी ग्राम मुनी, थाना अरनिया, जनपद बुलंदशहर का रहने वाला है। यह अपराधी शातिर चोर और गैंगस्टर है, जो थाना अरनिया पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 02/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। पुलिस द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी के उपरांत अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। अभियुक्त के खिलाफ पहले से कई संगीन मामले दर्ज हैं, जिनमें थाना अरनिया क्षेत्र के अलग-अलग मुकदमों में धारा 303(2), 317(2), 317(5), और 112 बीएनएस के तहत केस शामिल हैं। अभियुक्त के खिलाफ वर्ष 2024 में ही कई मुकदमे दर्ज किए गए थे, जिनमें क्रमशः अपराध संख्या 243/24, 282/24, 283/24, 284/24, 302/24 और 318/24 शामिल हैं। गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थाना अरनिया के थानाध्यक्ष श्री राजकुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शिवा कुमार, कांस्टेबल मोहित बैसला, कांस्टेबल विष्णु कुमार और कांस्टेबल ललित कुमार शामिल रहे। पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है और जनपद में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में इसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## श्रीमद्भागवत के श्रवण से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जहांगीरपुर के श्री चामुंडा देवी शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में श्री चामुंडा देवी समिति के नेतृत्व में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के द्वितीय दिवस की कथा में वृंदावन धाम से पधारे परम पूज्य संत श्री आदित्य कृष्ण महाराज जी ने श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराया। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सर्व सुलभ है और इसे सुनने मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाराज जी ने कथा के माध्यम से बताया कि जिस प्रकार फल मीठा होता है लेकिन पेड़ का कोई भाग मीठा नहीं होता, उसी प्रकार केवल भागवत कथा का ही सच्चा फल मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर, बेटी के घर और कथा सत्संग आदि में कभी भी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए, कुछ न कुछ भेंट अवश्य ले जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जब महर्षि व्यास ने वेदों को चार भागों में विभाजित कर दिया और छह शास्त्रों की रचना की, तब भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं को संकलित करने के लिए श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना की गई। यह महापुराण वेद रूपी वृक्ष का पका हुआ फल है, जो विभिन्न माध्यमों से भक्तों तक पहुंचा है। कथा श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें रतनवीर मीणा, सुनील मीणा, प्रवीन मीणा, शंकर जादौन, हरिराज सिंह, वीरेंद्र सिंह जादौन, विमलेश देवी, सुशीला देवी, ऋतु देवी सहित अनेक भक्त शामिल हुए। इस दिव्य कथा आयोजन से समूचे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण बना हुआ है।

## भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक आयोजित, किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में 3 फरवरी 2025 को भारतीय किसान संघ की जिला बैठक संघ कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला मंत्री पुष्पेंद्र त्यागी ने किया और अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश चंद लोधी ने की। बैठक में मेरठ प्रांत के उपाध्यक्ष अनुराग त्यागी और प्रांत सह महिला प्रमुख अर्चना त्यागी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई, जिनमें प्रमुख रूप से किसान रजिस्ट्री करवाने में आ रही दिक्कतें, आधार और बैंक पासबुक नंबर का खतौनी से मेल न खाना, कई गांवों में खतौनी का ऑनलाइन न होना, गन्ना मूल्य वृद्धि की मांग और निराश्रित गोवंश द्वारा फसलों की क्षति जैसी समस्याएं शामिल रहीं। बैठक में गौशालाओं में निराश्रित गोवंश को पहुंचाने की मांग प्रमुखता से उठी। जिला अध्यक्ष महेश चंद लोधी ने कहा कि इन मांगों को लेकर जल्द ही जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रांत उपाध्यक्ष अनुराग त्यागी ने संगठन के विस्तार और उसकी मजबूती पर जोर दिया, जबकि प्रांत सह महिला प्रमुख अर्चना त्यागी ने संगठन के प्रति निष्ठा बनाए रखने और गांवों में टोली बैठक कर किसानों की समस्याओं को सुनने व उनके समाधान की दिशा में कार्य करने की बात कही। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार भी किया गया, जिसमें दीपकांत शर्मा (अनूपशहर) को सह जिला जैविक प्रमुख, हिमांशु (शिकारपुर) को खंड जैविक प्रमुख, आशा चौधरी (शिकारपुर) को खंड महिला प्रमुख और मुनेश सोलंकी (खुर्जा) को खंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष ठाकुर शिवकुमार, चौधरी दिलावर सिंह, जिला सह मंत्री लाल सिंह तोमर, वीरेंद्र गुर्जर, जिला महिला प्रमुख विनती चौधरी एडवोकेट, जिला युवा प्रमुख श्यामवीर सिंह, जिला कार्यालय प्रमुख चौधरी ओमवीर, सह जिला कोषाध्यक्ष शलभ तोमर, जिला कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर जगपाल सिंह, प्रेमपाल (अगोता), खंड अध्यक्ष गौरी शंकर लोधी, खंड मंत्री गोविंद सैनी (अरनिया), खंड अध्यक्ष योगेश राघव (खुर्जा), खंड उपाध्यक्ष कालीचरण (जहांगीराबाद) सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वसंत पंचमी कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस







बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में आज दिनांक 03/02/2025 को छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर बालिका वर्ग (द्वितीय परिसर) विद्यालय में वसंत पंचमी का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक श्री महोदय मेघराज, उपप्रबंधक श्री मुकेश अग्रवाल, सदस्य श्री बृजकिशोर जी और प्रधानाचार्य श्री गजेंद्र पाल जी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। यज्ञ की विधि विधान से आचार्य कु. पूनम ने अगुवाई की, जबकि यजमान के रूप में अभिभावक श्री अनिल जी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ऊषा जी ने भाग लिया। श्री मुकेश अग्रवाल जी ने वसंत पंचमी के महत्व और वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस पर छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक श्री महोदय मेघराज सिंह जी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में अन्य अतिथि श्रीमती रिंकी जी, श्रीमती रजनी जी, विद्यालय के समस्त स्टाफ और सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

## भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का 101वां जन्मदिवस कार्यक्रम आयोजित



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में सेन सविता समाज मुरादनगर के जिला अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सेन और संरक्षक डॉ. अरुण कुमार सेन द्वारा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के 101वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र कुमार सेन उपस्थित रहे, जिनका सभी पदाधिकारियों ने बुक्का देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. यतेंद्र सेन ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर केवल किसी एक जाति के नेता नहीं थे, बल्कि वे समाजवादी विचारधारा के समर्थक और मानवता के संरक्षक थे। उन्होंने बताया कि कर्पूरी ठाकुर राजनीति में ईमानदारी और संघर्ष का प्रतीक थे, जिनके नेतृत्व में बिहार में शिक्षा को विशेष महत्व दिया गया। उन्होंने हिंदी भाषा को अनिवार्य बनाया और हाई स्कूल स्तर तक अंग्रेजी को केवल एक विषय तक सीमित रखा, जिसके अंक प्रतिशत में नहीं जोड़े जाते थे।
कार्यक्रम में बबलू सेन, विजय सेन, गौरव सेन, ललित सेन, राकेश सेन, मनचासी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विवेक सेन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया और सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अरुण कुमार सेन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। संचालन डॉ. प्रवीण कुमार सेन ने किया, जबकि योगराज सेन, डॉ. अनिल सेन सहित सैकड़ों सेन समाज के नेता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में किसान व मजदूर समेत के मुद्दे उठाए गए

## भाकियू टिकैत ने सिंभावली थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) सिंभावली में स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति में भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत हुई जिसकी अध्यक्षता जिला सरक्षण पीके वर्मा और संचालन सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली ने किया। मासिक पंचायत के दौरान किसान का बकाया गन्ना भुगतान व आवारा पशुओं की धरपकड़ करना और मजदूर समेत के मुद्दों पर जमकर चर्चा की गई। मासिक पंचायत में किसानों का बकाया गन्ना भूगतान व आवारा गौवंशों की धरपकड़ करने की समेत मांग उठी। मासिक पंचायत के दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है की जनपद की दोनों चीनी मिलों द्वारा ब्याज सहित गन्ना भुगतान किया जाए और चीनी मिल के मौजुदा पेराई सत्र बंद होने के बाद संपूर्ण भुगतान 14 दिन के अंदर कर दिया जाए। तीनों तहसीलों में किसानों की खतौनियो व घरोनियों में त्रुटि चल रही है, जिनको अविलम्ब ठीक किया जाए वर्ना ऐसी स्थिति में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। गांवों में किसी भी कीमत पर ऊर्जा निगम द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर न लगाए जाएं। अन्यथा भाकियू टिकैत ऊर्जा निगम के अधिकारी और कर्मचारियों को बंधक बनाकर आंदोलन करेगी। निराश्रित गौवंशो द्वारा किसानों की फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं, उनके पकड़वाने और सुरक्षित स्थान पर रखने की व्यवस्था की जाए क्योंकि सरकार काऊ टैक्स भी लेती है इस लिए पकड़कर सुरक्षित किया जाए इन सभी समस्याओं को अवगत कराने के उद्देश्य से जिला अधिकारी के नाम से थाना सिंभावली प्रभारी श्योपाल सिंह को ज्ञापन दिया गया है। मासिक पंचायत की अध्यक्षता जिला सरक्षण पीके वर्मा और संचालन सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली ने किया है। मासिक पंचायत में मौजूद महिला विंग की जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, राजबीरी देवी, सरिता देवी, जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद, जिला महासचिव राजेश चौधरी, गढ़ तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी, मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल, इमरान अब्बासी, मोहसिन, डॉक्टर मतलूब, नोशाद अली,अफ़ज़ाल खां, निशु चौधरी, अर्जुन सिंह समेत मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा आईएएस की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों व ई—ऑफिस प्रणाली के सम्बंध में समीक्षा बैठक आहूत

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा आईएएस की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों व ई—ऑफिस प्रणाली के सम्बंध में समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद के सभी एसडीएम, तहसीलदार कोर्ट में 5 वर्ष से अधिक, 3 से 5 वर्ष, 1 से 3 वर्ष, निर्विवाद विरासत, अंश निर्धारण, ई—परवाना आदि से सम्बंधित वादों को निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही तालाब, चारागाह, पट्टे आदि के पूर्ण विवरण सहित आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने जनपद में 30 वर्ष पुराने वृक्षारोपण के पट्टों की जांच करते हुए निरीक्षण करने के निर्देश दिये, साथ ही उसकी रिर्पोट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। जनपद में तालाबों की जांच करने हेतु भी निर्देश दिये। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी मेज पर अपना नाम व पदनाम की प्लेट लगाये और अपनी मेज पर ही अपने कार्य की सूची भी रखें, जिससे यह ज्ञात रहे कि आपके पटल पर क्या दायित्व हैं। उन्होने कहा कि ई—ऑफिस कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाएं। फरवरी अंत तक सभी कार्य ई—ऑफिस प्रणाली से ही किया जाएं। इस सम्बंध में अधिकारी/कर्मचारी को यदि प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएं। उन्होने कहा कि जन शिकायत, आईजीआरएस, ऑफिस कार्यों के रजिस्टर बनाएं जाएं और इसके साथ ही मास्टर रजिस्टर भी तैयार किया जाए। कार्य को उत्कृष्ट तरीके से पूर्ण करने हेतु सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाते हुए उनका दिशा—निर्देशन करें। अपनी अधीनस्थ कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए माह में एक बार मीटिंग की जाएं। जन शिकायतों के निरस्तारण के उपरांन्त फीडबैक ली जाएं एवं यदि फीडबैक असन्तुष्ट पूर्ण प्राप्त हो रहा हो तो उस शिकायत का पुनः गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। हम सभी एक परिवार हैं, अतः समन्वय बनाते हुए हर कार्य को बेहतर तरीके से पूर्ण किया जाएं। बैठक में एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, एडीएम एफ/आर श्री सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कलेक्ट्रेट स्टाफ उपस्थित रहे।

# मकान-दुकान और फ्लैट बनाने वालों के लिए खुशखबरी, जीडीए से नक्शा पास कराना आसान

गाजियाबाद । गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए से जल्द ही नक्शा पास कराना सस्ता होगा। शासन ने विकास परमिट शुल्क और भवन परमिट शुल्क की नियमावली बना दी है। जिससें पूरे प्रदेश की एक कीमत तय की गई है।

प्राधिकरण से नक्शा पास करने की प्रक्रिया में प्रति वर्ग मीटर की कीमत कम हो जाएगी। शासन की ओर से अभी तक विकास परमिट शुल्क भवन परमिट शुल्क की कोई नियमावली नहीं थी। इस कारण से लोग बड़ी संख्या में अदालत चले जाते थे। अदालत ने भी बिना नियमावली के शुल्क वसूली पर रोक लगाई थी। लेकिन जनता और बिल्डर से एफिडेबिट लेकर ये शुल्क वसूला जाता है। अब शासन की तरफ से विकास परमिट शुल्क और भवन परमिट शुल्क की नियमावली बना दी गई है। इसके लिए पूरे प्रदेश की एक कीमत तय की गई है। अधिकारियों ने बताया कि शासन ने इसकी नियमावली जारी की है। अब इसका प्रस्ताव बोर्ड बैठक के एजेंडे में शामिल कर उसके पास कराया जाएगा। इसके बाद इसको लागू किया जाएगा। गाजियाबाद में प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से कीमत गाजियाबाद में पहले की दरों में संशोधन किया गया है। पहले व्यावसायिक दर 38 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से थी जो कि शासन के आदेश पर अब 30 रुपये की गई है। इसी तरह से ग्रुप हाउसिंग की दरें पहले जो 19 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से थी वो घटाकर 15 रुपये कर दी गई है। आवासीय की दर 6.5 रुपये प्रति वर्ग मीटर थी। जो कि अब 5 रुपये वर्ग मीटर की जाएगी।

# जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में बाइक रैली निकालकर मनीष सिसोदिया ने किया शक्ति प्रदर्शन



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और जंगपुरा से उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने सोमवार को जंगपुरा विधानसभा में बाइक रैली निकाली। इस दौरान मनीष ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए झाड़ू का बटन दबाकर आप की सरकार बनाएं। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि सरकार बनने के बाद महिला सम्मान योजना को लागू कर हर महिला को 2100-2100 रुपये उनके खाते में डालेंगे। साथ ही, हर गली-मोहल्ले में सड़क, सीवर और पानी समेत सभी समस्याओं का समाधान करेंगे। सिसोदिया ने जनता से अपील करते हुए आगे कहा कि 5 फरवरी को झाड़ू का बटन दबाकर आप को वोट दें। आप अपनी गली मोहल्ले की सड़क, सीवर और पानी की समस्याओं को दूर कराने के लिए आप को वोट करें। इस बीच सिसोदिया ने कई लोगों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की और उनसे जीत का आशीर्वाद लिया।

# पांच और आठ फरवरी को मेट्रो सेवाएं सुबह चार बजे से होंगी शुरू

नई दिल्ली । दिल्ली में पांच फरवरी को विधानसभा चुनाव और आठ फरवरी को मतगणना के दिन मेट्रो की सभी लाइनों पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं अपने टर्मिनल स्टेशनों से सुबह 4.00 बजे से शुरू होंगी, ताकि चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी इस सुविधा का लाभ उठा सकें। सुबह 06.00 बजे तक सभी लाइनों पर ट्रेनें 30 मिनट की आवृत्ति के साथ चलेंगी। सुबह 6.00 बजे के बाद पूरे दिन नियमित समय से मेट्रो चलेगी। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के अनुसार इसके अलावा चुनाव ड्यूटी के बाद देर से लौटने वाले मतदान अधिकारियों/कर्मचारियों की सुविधा के लिए, सभी लाइनों पर अंतिम मेट्रो सेवाएं 5/6 फरवरी 2025 की मध्यरात्रि को भी बढ़ा दी जाएंगी।

# हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया।





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) हरे कृष्ण संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में यहां श्री चंडी मंदिर रोड स्थित हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्या की शादी में दो अलमारी भी भेंट की गईं। संकीर्तन मंडल की अध्यक्ष डा आराधना बाजपेई ने कहा गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है कि हे अर्जुन जो लोग मेरी सगुण रूप में पूजा करते हैं वे भक्तजन मुझे बहुत प्यारे हैं। निर्गुण तो निराधार होता है। वह अगम ,अगोचर और निराकार होता है। मन वहां टिक नहीं पाता है। इसलिए तुम मुझे सगुण रूप में ही भजो इसमें ही तेरा हित है। संस्था की सचिव अर्चना कंसल ने कहा कि भगवान कृष्ण कहते हैं कि कुछ लोग मुझे प्रेम के बल पर पाते हैं और कुछ मुझे ज्ञान के बल पर पाते हैं। पर जो भी मुझको पाते हैं वे भवसागर से तर जाते हैं। कोषाध्यक्ष पूनम गुप्ता एवं सह कोषाध्यक्ष अनीता गुप्ता ने कहा कि भगवान कृष्ण कहते हैं कि मैं कण कण में विद्यमान हूं,में जड़ और चेतन में हूं। मैं पुरुषोत्तम हूं भजन संध्या में भजनों का दौर जब चला तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर डा प्रेमलता तिवारी,नीना अग्रवाल,ममता अग्रवाल,संतोष शर्मा,अनीता गुप्ता,अर्चना कंसल,डा आराधना बाजपेई,पूनम गुप्ता, शारदा शर्मा उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से जरूरतमंदों को पक्का घर मिला





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। यह सर्वे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जरूरतमंद लोगों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हापुड़ जिले के ग्राम बदनौली में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण और खंड विकास अधिकारी द्वारा 3 फरवरी 2025 को किए गए इस सर्वेक्षण में पात्र लाभार्थियों की पहचान की गई। सर्वेक्षण के दौरान दो लाभार्थियों को योजना के तहत पात्र पाया गया, जिनका रजिस्ट्रेशन मौके पर ही परियोजना निदेशक द्वारा पूरा कराया गया। यह पहल सरकार की सभी के लिए आवास योजना को आगे बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को आवास प्रदान करने के उद्देश्य को साकार करती है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता दी जाती है, जिससे वे अपने पक्के घर का निर्माण कर सकें और बेहतर जीवन स्तर की ओर बढ़ सकें। इस तरह के सर्वेक्षण यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि योजना का लाभ सही और जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचे। क्या आप इस विषय में कोई और जानकारी चाहते हैं।

# ठेके के सामने 100 मीटर के दायरे में खुलेआम ठेला पटरी वाली महिलाओं व पुरुषों द्वारा पिलाई जाती है शराब

## वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई के नाम पर बड़ा सवाल



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गढ फाटक फ्लाईओवर के नीचे देव नंदिनी ,प्रयाग अस्पताल व लाइब्रेरी के आसपास पास शराब के ठेके के सामने 100 मीटर के दायरे में खुलेआम पिलाईं जाती है पुरुष व महिलाओं द्वारा दारू वीडियो हुई सोशल मीडिया पर वायरल,पियक्कड़ महिलाओं व स्कूली बच्चों पर आये दिन करते हैं कटाक्ष, इन्हें नहीं है किसी पुलिस प्रशासन का डर, बताते चलें थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गढ़ फाटक के पास बने देव नंदिनी हॉस्पिटल, प्रयाग हॉस्पिटल व एरा लाइब्रेरी के आसपास ठेले व ठेला पटरी बनाकर दारू पिलाने के अड्डे दिन पर दिन बढ़ते ही जा रहे हैं, जबकि प्रशासन के आदेश है कि शराब के ठेके के आसपास 100 मीटर के दायरे में खुले आम दारू नहीं पिलाई जा सकती जबकि शराब के ठेके में कैंटीन भी खोली हुई है। लेकिन पुरुष व महिलाओं द्वारा बनाए गए ठेल पटरी व ठिए पर खुले आम दारू पिलाई जाती है बड़ा सवाल शराब के ठेके के 5 से 7 वर्ष खुलने के बाद ठीक है के आसपास दारू पिलाने के लिए दिन पर दिन बढ़ते गए और पुलिस प्रशासन को भनक तक नहीं लगी जहां महिला व पुरुषों द्वारा बनाए गए ठियो पर खुलेआम दारू पिलाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, साथ ही पियक्कड़ आए दिन वहां से गुजरने वाली महिलाओं व स्कूली बच्चों पर कटाक्ष करते रहते हैं।

# गाजियाबाद में भोपुरा तिराहा अग्निकांड की जांच करेगी कमेटी

गाजियाबाद । टीला मोड़ थाना क्षेत्र के भोपुरा तिराहे पर 306 एलपीजी सिलिंडर से भरे ट्रक में आग लगने की घटना की जांच प्रशासन से गठित कमेटी करेगी। आज सोमवार को समिति का गठन किया गया है। पेट्रोलियम कंपनी की तरफ से ट्रक की मूवमेंट लोकेशन रिपोर्ट भी दमकल विभाग को भेजी जाएगी। इसके बाद जांच की सही दिशा तय हो पाएगी। हादसा प्रभावित क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने निरीक्षण कर पीड़ितों से मुलाकात की। डिफेंस कॉलोनी कट पर शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे भारत पेट्रोलियम कंपनी के एलपीजी सिलिंडरों से भरे ट्रक में अचानक आग लग गई थी। ट्रक में 306 एलपीजी सिलेंडर भरे थे, जिन्हें रामपुर भेजे जाने की बात सामने आई है, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। ट्रक में लगी आग में एक के बाद एक 50 से भी ज्यादा सिलिंडर फटे थे। इसकी वजह से चार दुकान, एक मकान और आठ वाहन जलकर राख हो गए थे। फटे सिलिंडर व उनके टुकड़े टकराने की वजह से आसपास के घरों में भी काफी नुकसान हुआ था। डीएम दीपक मीणा ने बताया कि हादसे के संबंध में एडीएम एफआर सौरभ भट्ट ने अपनी रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद जांच के लिए कमिटी का गठन किया जाएगा। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि पेट्रोलियम कंपनी से ट्रक की जीपीएस लोकेशन मांगी गई थी लेकिन अवकाश के कारण कार्यालय बंद था। सोमवार को उनकी रिपोर्ट मिलेगी, जिसे उच्चाधिकारियों से साझा किया जाएगा। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ लोगों से पूछताछ भी चल रही है। जो तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

# अयोध्या में रामलला के दर्शन करने वालों की संख्या एक करोड़ के पार

अयोध्या । रामनगरी अयोध्या में 26 जनवरी से बसंत पंचमी यानि तीन फरवरी तक एक करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जो कि एक रिकार्ड है। राम की धुन में श्रद्धालु झूम रहे हैं। सोमवार को वसंत पंचमी पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान किया और रामलला और हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया। अयोध्या में बसंत पंचमी पर भोर से ही स्नान शुरू हो गया। दोपहर बाद तक स्नान और दान का सिलसिला जारी रहा। इस बीच श्रद्धालुओं ने दर्शन के लिये मठ-मंन्दिरों का रुख किया। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में देर शाम तक दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र राम मंदिर बना हुआ है। रोजाना तीन लाख के करीब श्रद्धालु रामलला से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए ट्रस्ट ने व्यापक इंतजाम किए हैं। दर्शन के लिए 18 घंटे मंदिर खोला जा रहा है। वहीं हनुमान गढ़ी में भी प्रतिदिन श्रद्धालुओं की कतार दिखाई पड़ रही है। बसंत पंचमी की अयोध्या के मठ मंन्दिरों में धूम है। साधु-संतों ने रंग खेला। इस दौरान गर्भगृह में विराजमान भगवान को भी अबीर गुलाल लगाया जाता है। बसंत पंचमी पर गर्भगृह में विराजमान रामलला को नए पीले वस्त्र धारण कराए गए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार रामलला को गुलाल भी लगाया गया। प्रसाद स्वरूप अर्चकों ने भी परस्पर गुलाल लगाया। खीर, पूड़ी, मेवा, फल और अन्य व्यंजनों का भोग लगाया गया। प्रयागराज में स्नान करने के लिए एक बड़ा क्षेत्र है, लेकिन अयोध्या में श्रद्धालुओ के केंद्र पर रामलला ही हैं। ऐसे में एक ही जगह पर बड़ी संख्या में एकत्रित भीड़ को संभालना आसान नहीं था, लेकिन प्रशासनिक सूझ-बूझ व अधिकारियों की रणनीति ने इसे आसान बना दिया। आईजी प्रवीण कुमार बताते हैं की रोड डायवर्जन कर दिया गया है। इसके अलावा पार्किंग के भी इंतजाम किये गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा मानकों के आधार पर श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जा रहा है। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि हमारे अधिकारी 24 घन्टे मेला क्षेत्र में निगरानी बनाये हुए हैं। 25 से 30 हजार लोगों के ठहरने के इंतजाम हैं। इसके अलावा खुले में सोने वालों को आश्रय स्थल में भेजने के लिए वाहन लगाए गए हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है।

# जेएमएस स्पोर्ट्स एकेडमी के छात्र देव और दिव्योत ने अपने जिले हापुड़ का नाम रोशन किया।



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार दिनांक 23 से 26 जनवरी 2025 तक गोरखपुर में आयोजित सीनियर राज्य स्तर पुरुष की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मेरठ मंडल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसमें जेएमएस स्पोर्ट्स एकेडमी हापुड़ के देव ने अपने हापुड़ जिले का नाम रोशन किया इसके साथ-साथ ही दिनांक 28 जनवरी से 30 जनवरी 2025 तक गौतमबुद्ध नगर में आयोजित राज्य स्तर की सब जूनियर बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मेरठ मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें जिसमें जेएमएस स्पोर्ट्स अकादमी हापुड़ के द्विजोत ने अपने जिले हापुड़ का नाम रोशन किया इनके बास्केटबॉल कोच दीपांशु गर्ग ने बताया कि राज्य स्तर की सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मेरठ मंडल ने मिर्जापुर ,मुरादाबाद, कानपुर मंडल को हराया तथा सब जूनियर बालक बास्केटबॉल में गोरखपुर,अलीगढ़,आजमगढ़,बस्ती व आगरा मंडल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ निधि मलिक ने बताया कि जेएमएस वर्ल्ड स्कूल खेलो के क्षेत्र में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है जिसमें क्रिकेट ,फुटबॉल ,बास्केटबॉल , खो-खो वॉलीबॉल, शूटिंग ,कबड्डी आदि खेलों के प्रशक्षिको के माध्यम से खिलाड़ी को तैयार किया जा रहा है जिससे वह अपने माता-पिता में देश का नाम रोशन कर सके स्कूल के प्रबंधक डॉ आयुष सिंघल ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

# पशु क्रूरता पर लोगों को जागरूक किया जा रहा

गाजियाबाद । जिले में पशु क्रूरता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पशु विभाग गांव और कस्बों में कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को जागरूक कर रहा है। 14 जनवरी से अब तक 23 कार्यक्रम हो चुके है। यह अभियान दो फरवरी तक चलाना था, लेकिन लोगों का रुझान देखते हुए इसको अब 14 फरवरी तक बढ़ाया गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी डा. एसपी पांडे ने बताया कि जिले के सरकारी अस्पताल के डॉक्टर लोगों को जागरूक कर रहे है। वह पशुपालकों को बता रहे है कि पशुओं के बीमार होने पर उनको उपलब्ध टीकाकरण लगवाए। सर्दियों और गर्मियों में पशुओं को बांधने के उचित प्रबंध करने चाहिए। खेतों में किसानों द्वारा कटीले तार लगाए जाने से पशु जख्मी हो जाते हैं। इनकी लगाने से बचना चाहिए ।

# युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर पिता से मारपीट

गाजियाबाद । विजयनगर क्षेत्र में युवती से मनचलों ने छेड़छाड़ की। युवती के पिता ने विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर उनसे मारपीट की। पिता ने विजयनगर थाने में चार युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार युवती के पिता ने शिकायत दी है कि उनकी बेटी शनिवार को बालकनी में खड़ी थी। कॉलोनी में रहने वाले राहुल, हिमांशु, दीपक और विशाल भी नीचे खड़े थे। आरोप है कि युवक उनकी बेटी को अश्लील इशारे कर रहे थे। इसका उन्होंने और बेटी ने विरोध किया तो आरोपी घर में घुसकर उनके साथ मारपीट करने लगे। पीड़ित के भतीजे ने बीच बचाव किया तो उसे भी पीटा गया। शिकायत करने के लिए जब वह थाने जाने लगे तो उन पर आरोपियों ने फिर से हमला कर दिया और उनका हाथ तोड़ दिया। पीड़ित का कहना है कि उनके बाएं हाथ में चोट लगी है। एसीपी का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कार से टक्कर मारने का विरोध करने पर मारपीट

गाजियाबाद । विजय नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने एक महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पति ने कार चालक से विरोध जताया तो चालक ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस के अनुसार विजयनगर सेक्टर-10 के ब्रह्मपुत्र एंक्लेव में रहने वाले मिंडा चौधरी ने शिकायत दी है कि वह और उनकी पत्नी कौलेशरी देवी ठेकेदार सूरज चौधरी के साथ एक सोसाइटी में काम करते हैं। 27 जनवरी को उनकी पत्नी ड्यूटी खत्म कर घर लौट रही थी। इस दौरान गौड़ ग्लोबल स्कूल के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी पत्नी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मिंडा चौधरी के अनुसार उन्होंने कार चालक को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। कार चलाने वाला कॉलोनी में ही रहने वाला वैभव था। एसीपी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# मधुबन बापूधाम योजना का नियोजन और टोटल स्टेशन सर्वे का काम शुरू

गाजियाबाद । जीडीए की प्राथमिकता में शामिल मधुबन बापूधाम योजना में अनियोजित भूमि के नियोजन की प्रक्रिया प्रारम्भ करते हुए टोटल स्टेशन सर्वे शुरू किया गया है। इसी के साथ ही इंद्रापुरम विस्तार योजना मे प्लोटेड डेवेलॉपमेंट हेतु आंतरिक विकास कार्य प्रारंभ किया गया है। गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (त्रष्ठ) की प्राथमिकता में शामिल मधुबन-बापूधाम योजना के अंतर्गत पॉकेट-ष्ठ में अनियोजित भूमि को नियोजित करने के निर्देशों के क्रम में प्राधिकरण के अभियंत्रण जोन-3 एवं भू-अधिग्रहण अनुभाग द्वारा टोटल स्टेशन सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शीघ्र ही उक्त भूमि को नियोजित करते हुए बाह्य विकास कार्य भी प्रस्तावित किए जाएंगे। मधुबन-बापूधाम योजना प्राधिकरण की शीर्ष प्राथमिकताओं में सम्मिलित है, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग उपाध्यक्ष महोदय द्वारा स्वयं की जा रही है। इसके अतिरिक्त, प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह ने इंदिरापुरम विस्तार योजना में प्लॉटेड डिवेलपमेंट हेतु आंतरिक विकास कार्यों को शुरू किए जाने पर उसका स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। गौरतलब है कि इंदिरापुरम विस्तार योजना में प्लॉटेड डिवेलपमेंट का कार्य भी प्रारंभ कराया गया है। योजना के तहत आमजन को भूखंड नीलामी के माध्यम से उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाएगी।

# गाजियाबाद में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी




गाजियाबाद । शालीमार गार्डन थाना इलाके में एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही डॉग व बॉम स्कवाड की टीम भी पहुंची। आनन-फानन बच्चों को स्कूल मैदान में भेजा गया और जांच की गई। जानकारी के अनुसार, शालीमार गार्डन थाना इलाके में स्थित सेंट मैरी स्कूल को ईमेल पर सोमवार सुबह करीब सात बजे धमकी भरा मैसेज पहुंचा। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि ईमेल में स्कूल को खाली करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सुरक्षा के लिहाज से तुरंत सभी बच्चों को स्कूल मैदान में भेज दिया गया। साथ ही डॉग व बॉम स्कवाड की टीम ने जांच शुरू की। छानबीन व तलाश करने फर्जी धमकी होने का पता चला। स्कूल प्रबंधक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही जो ईमेल आया था उसकी जांच के लिए भी साइबर टीम लगाई गई है।

## दीवार व छत गिरने से दो घायल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

देवबंद। वक्फ दारुल उलूम के निकट सडक भराव मे लगें डम्फर कार्य के दौरान अनियंत्रित हो कर एक मकान से टकरा गया, जिसके चलते मकान की दीवार और छत गिरने से मां और बेटे घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शेखुलहिंद कालोनी मे सडक निर्माण मे भराई का कार्य कर रहा एक मिट्टी से भरा डंम्पर एक मकान से टकरा गया। डम्पर के टकराने से मकान की दीवार व छत गिर गई और वहां मौजूद मां बेटे घायल हो गए। मोके पर क्षेत्र के सभासद ने पहुंचकर लोगों के सहयोग से ही मां बेटे को घर से बाहर निकला और घायलों को जामियां तिब्बियां मेडिकल कॉलेज में भर्ति कराया।

## गूंगा बहरा हो गया प्रशासन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

देवबंद। गूंगा बहरा देवबंद प्रशासन आखिर कब कुम्भ करणी नींद से जागेगा। समाजिक संगठन समाचार पत्र लिकते लिखते बावले हो गये है कि कोई सुनने को तैयार नही है। नगर और क्षेत्र की जनता वर्तमान जनप्रतिनिधियों से अजीज आचुकी है। एक व्यक्ति ने अपने मन की पीडा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बार प्रतिनिधी चुनने मे भूल हुई है आगे नही होगी। उल्लेखनीय है कि नगर मे अतिक्रमण और ई-रिक्शा एक नासूर बन गया है। जनता के लगातार चिल,लाने पर भी नगरपालिका और प्रशासन पर कोई फर्क नहीं पड रहा है। नगरपालिका कभी कभी अतिक्रमण हटाने का नाटक करती है और फिर चुप हो जाती है। लोगों मे चर्चा हो रही है कि यह सब सैटिंग का खेल है। कुछ लोग कहते है कि चुनाव तो पांच साल मे आते हैं पर दुकानदारों और ई-रिक्शाओं वालों से तो रोज वास्ता पडता है। जनता को प्रभावित तरना कठिन नही है फिर ओर कोई लोलीपोप देकर बहका लेंगे।

## मोबाइल टावर लगाने का हुआ विरोध, आधा दर्जन मौतों का आरोप



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद/बुलंदशहर। कस्बा औरंगाबाद के गोला कुंआ मौहल्ला निवासियों ने सोमवार को जिओ का टावर लगाने पहुंचे कर्मचारियों को खदेड़ दिया। मौहल्लेवासियों का कहना है कि मोबाइल टावर के रेडिएशन के कारण मौहल्ले में अब तक आधा दर्जन लोगों की अकाल मृत्यु हो चुकी है। उनका आरोप है कि रेडिएशन के कारण स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ा है और अब वे किसी भी हाल में जी फाइव का टावर लगाने नहीं देंगे। सोमवार को स्थानीय निवासियों ने थाने पर पहुंचकर लिखित तहरीर दी और टावर लगाने का विरोध किया। इसके बाद, उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय पर भी प्रदर्शन किया और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। प्रदर्शन में रामवीर, ममतेश, धर्मेंद्र कुमार जाटव, अंकित जाटव, अमरदीप चौधरी, फत्तन बब्बन खां, कपिल चौधरी, सुनीता चेतराम, विनोद गूर्जर समेत अन्य लोग शामिल हुए। निवासियों का कहना है कि पहले सुधा शर्मा, नरेंद्र गूर्जर, नंदराम मास्टर समेत छह लोग अकाल मृत्यु का शिकार हो चुके हैं, और उनका मानना है कि इन मौतों का कारण मोबाइल टावर का रेडिएशन है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## मंगल बाजार ( पैंठ ) का बदलेगा स्थान, अगला बाजार मन्नत गार्डन में लगाने की पैंठ यूनियन की प्लानिंग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। मंगल बाजार के कारण नगर में बढ़ती अतिक्रमण और जाम की समस्या को देखते हुए पैंठ समिति ने मंगल बाजार का स्थान बदलने का निर्णय लिया है। अगला बाजार हापुड़ रोड स्थित मन्नत गार्डन के सामने शिफ्ट किया जाएगा, और इसके लिए पैंठ समिति द्वारा प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसे सैद्धांतिक मंजूरी भी मिल गई है। पैंठ समिति के अध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने इस बदलाव की जानकारी दी। नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान ने बताया कि मंगल पैंठ के स्थान परिवर्तन को लेकर विचार-विमर्श किया जा रहा है और जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। प्रशासन के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नटराजन नृत्यकला आश्रम ने बसंत पंचमी को कथक कार्यक्रम के साथ मनाया






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा ।नटराजन नृत्यकला आश्रम ने 2 फरवरी को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर एक भव्य कथक कार्यक्रम बैठक का आयोजन किया। यह आयोजन Theatrically Cultural Centre, सेक्टर 116, नोएडा में हुआ, जिसमें कथक नृत्यांगना एवं शिक्षिका श्रीमती प्रेरणा शर्मा के मार्गदर्शन में छात्रों ने अपनी प्रतिभा और नृत्य कला के प्रति समर्पण को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री निखिल वत्स (जर्नलिस्ट, न्यूज़ 24) और श्री प्रिंस कौशिक (असिस्टेंट मैनेजर, नेटवर्क 18) थे। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल बसंत पंचमी के पावन पर्व को मनाना था, बल्कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को संरक्षित और प्रचारित करना भी था। कार्यक्रम की विशेषताएँ कार्यक्रम की प्रस्तुतियाँ देवी सरस्वती को समर्पित थीं, जो ज्ञान, संगीत और कला की देवी मानी जाती हैं। नटराजन नृत्यकला आश्रम के छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों में कथक की जटिल पदचालन, भावपूर्ण मुद्राओं और लयबद्ध सटीकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों ने बसंत पंचमी के उत्सव, आनंद और नवीनीकरण की भावना को खूबसूरती से व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने कहा, बसंत पंचमी ज्ञान और कला का उत्सव है, और कथक नृत्य दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। इस त्योहार के दौरान कथक नृत्य का प्रदर्शन करना ज्ञान और कला के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण को व्यक्त करने का एक तरीका है। उनके मार्गदर्शन में छात्रों ने कथक की बारीकियों को आत्मसात कर अपनी कला को उत्कृष्टता की ओर बढ़ाया। उनकी सिखाई गई तकनीकों और भावनात्मक अभिव्यक्तियों की झलक प्रत्येक प्रस्तुति में स्पष्ट रूप से दिखाई दी। नटराजन नृत्यकला आश्रम का उद्देश्य नटराजन नृत्यकला आश्रम भारतीय शास्त्रीय नृत्य के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। यह संस्था उत्कृष्ट नृत्य शिक्षा प्रदान करने, गुरु-शिष्य परंपरा को बनाए रखने और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार के लिए समर्पित है। आश्रम की प्राथमिकता न केवल कला के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि युवा प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें मंच प्रदान करना और उन्हें सम्मानजनक पारिश्रमिक दिलाना भी है। बसंत पंचमी समारोह इस मिशन की एक महत्वपूर्ण कड़ी थी, जो भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रति जागरूकता और कलात्मक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया था। आश्रम इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों में भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना विकसित करने के लिए सतत प्रयासरत है।

## बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर होली पार्क में पूजा अर्चना




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर नगर के होली पार्क में पूजा अर्चना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान नव नियुक्त नगर मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी ने पूजा अर्चना करवाई। कार्यक्रम में अनिमेष अगस्तिन (सभासद), परमानंद सैनी, विजय बिलाल, सुंदर हांडा, संदीप उर्फ दीपू सैनी, देवेंद्र प्रजापति, जोगेंद्र प्रजापति, टीनू कुंवर, पाल सिंह, सुरेश कुमार और अन्य सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर बसंत पंचमी की महिमा पर प्रकाश डाला गया और सभी ने मिलकर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की।

## राजबब्बर ने बुलंदशहर में शिक्षा और स्वास्थ्य को बजट में प्राथमिकता देने की अपील की, कुंभ हादसे पर चुप्पी साधी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर। बुलंदशहर के अगौता क्षेत्र में एक निजी स्कूल के उद्घाटन समारोह में कांग्रेस के पूर्व सांसद और अभिनेता राजबब्बर ने सोमवार को केंद्र और राज्य सरकारों से शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को बजट में प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के देश की प्रगति संभव नहीं है और केवल एक शिक्षित तथा स्वस्थ भारत ही विश्व में अपनी प्रभावशाली स्थिति बना सकता है। कार्यक्रम के दौरान मीडिया ने उनसे हाल ही में हुए कुंभ हादसे पर सवाल किया, तो उन्होंने इस पर चुप्पी साध ली और अपनी बात को शिक्षा की दिशा में मोड़ दिया। इसके अलावा, जब इंडिया गठबंधन के अंदर चल रहे मतभेदों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसे नजरअंदाज करते हुए कहा कि भविष्य में सभी राजनीतिक दल शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

कार्यक्रम में स्थानीय नेता वीरेंद्र सिंह गुड्डू, विनोद प्रमुख और मनवीर सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राजबब्बर का यह दौरा शैक्षिक विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, लेकिन उनके मौजूदा राजनीतिक मुद्दों पर चुप रहने का मुद्दा भी चर्चा का विषय बन गया।

## शक्तिपीठ प्राचीन बड़ा महादेव मंदिर की 18वीं वर्षगांठ समारोह 11 फरवरी को, कांवरियों के लिए 22 फरवरी से विशेष भंडारे की व्यवस्था

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। शक्तिपीठ प्राचीन बड़ा महादेव मंदिर के नवनिर्मित भवनों की 18वीं वर्षगांठ 11 फरवरी, मंगलवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रात: 10.00 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद 12.00 बजे पूर्णाहुति की जाएगी। तत्पश्चात सभी श्रद्धालु भंडारे में प्रसाद ग्रहण करेंगे। 22 फरवरी से कांवरियों के लिए विशेष भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने भक्तों से अपील की है कि वे अपनी संस्थाओं, ग्रुप्स, परिवार, मित्रों और इष्ट मित्रों के साथ तन, मन और धन से अधिक से अधिक सहयोग करें।

साथ ही, आयोजकों ने व्यक्तिगत रूप से बुलावे की मान्यता प्रदान की है और प्रचार में भी सहयोग देने की अपील की है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पुरुषोत्तम चौधरी, संस्थापक, संरक्षक और सचिव प्राचीन बड़ा महादेव मंदिर समिति रजिस्टर्ड गुलावठी ने सभी से सहयोग की अपील की है।

## हमारा शिक्षालय संस्था द्वारा मनाया गया वसंत पंचमी का पावन पर्व

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



नोएडा। नोएडा सेक्टर 63 स्थित नि:शुल्क शिक्षा केंद्र पर हमारा शिक्षालय फ़ाउंडेशन एवं राष्ट्र सेविका समिति द्वारा बसंत पंचमी का पर्व बहुत ही सुंदर ढंग से मनाया गया। जिसमें मुख्य आकर्षण सरस्वती पूजा, सरस्वती वंदना एवं पाठ्य सामग्री का मुफ़्त वितरण रहा। कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति से इंदु कैंथोला - रामनगर कार्यवाहिका , नीरू ढोंडियाल - रामनगर बौद्धिक प्रमुख एवं विद्या रावत- नोएडा महानगर पर्यावरण प्रमुख उपस्थित रहीं, जिन्होंने बच्चों को अनेक प्रकार के गीत कराए एवं खाद्य सामग्री वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया। शिक्षालय के सुपरस्टार्स ने अपनी बुलंद आवाज़ में भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारे लगाए। बच्चे स्कूल बैग, कॉपी पेंसिल, रबड़, कट्टर पाकर बहूत ही प्रसन्न हुए एवं सभी ने कहा कि हम सभी शिक्षित हो अपने माता-पिता एवं देश का नाम रोशन करेंगे।

हमारा शिक्षालय फ़ाउंडेशन के डायरेक्टर आशीष शर्मा ने कहा कि वसंत पंचमी हिन्दू त्योहारों में से एक प्रमुख त्योहार है इस दिन सभी पीले रंग के वस्त्र पहन माँ सरस्वती की पूजा अर्चना करते हैं

एवं पेड़ों पर लगे रंग बिरंगे नए फूलों की सुगंध से अपना अंतर्मन सुगंधित करते हैं। इस मौक़े पर संस्था के कई ओर साथी एवं अध्यापिका उपस्थित रही

## राजस्व विभाग द्वारा कस्बे में जमीनों का पैमाईश अभियान शुरू, भूमाफियाओं में मची खलबली



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद/बुलंदशहर। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर राजस्व विभाग ने कस्बे में पैमाईश अभियान की शुरुआत की है। इस कड़े कदम से भूमाफियाओं में खलबली मच गई है। नायब तहसीलदार ललित नारायण प्रशांत के नेतृत्व में लेखपाल उमेश वर्मा और नगर पंचायत कर्मियों की संयुक्त टीम ने सोमवार को सरकारी जमीनों की पैमाइश शुरू की। यह अभियान उन स्थानों पर चलाया जा रहा है जहां भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जे किए गए हैं। कस्बे के कई मोहल्लों में भूमाफियाओं के खिलाफ शिकायतें लगातार अधिकारियों तक पहुंच रही थीं। सोमवार को अधिकारियों ने सूरजपुर टीकरी रोड पर स्थित गाटा संख्या 14, 23, 1415, 1416, 1417, आदि की नापाई की। यह जमीनें कब्रिस्तान से संबंधित बताई जा रही हैं। एसडीएम सदर नवीन कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर पैमाइश का जायजा लिया और अधिकारियों को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अभियान में नायब तहसीलदार ललित नारायण, लेखपाल उमेश वर्मा, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर, किशोरी लाल, नेमपाल सिंह, ओमदत्त समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नेकीराम ग्लोबल स्कूल में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



गुलावठी (सैय्यद मजहर)। निकटतम ग्राम असवार स्थित नेकीराम ग्लोबल स्कूल में बसंत पंचमी पर्व सपरिवार बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी कक्षाओं के छात्रों ने उत्साह और ऊर्जा से भरे कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय का वातावरण वसंत के जीवंत रंगों से सजा था, क्योंकि छात्रों ने अपनी सबसे अच्छी पीली पोशाक पहनी थी और कक्षाओं को रंगीन पतंगों, फूलों और स्ट्रीमर से सजाया था। पारंपरिक संगीत और नृत्य से गूंजते इस माहौल में कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान के दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर मां सरस्वती को समर्पित की गई। इसके बाद, छात्रों ने सरस्वती वंदना पर एक नृत्य प्रदर्शन किया और फिर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय अध्यक्ष मंगल सिंह चपराना और प्रिंसिपल आरती चपराना ने नन्हें बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में संतोष मैम, शिवानी मैम, डॉली मैम, करुणा मैम, शिखा मैम, सोनिका मैम, नेहा मैम और प्रीति मैम ने कार्यक्रम का समन्वय किया। विशाल सर के मार्गदर्शन में कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्व के बारे में बताया गया, जो वसंत के आगमन और नए मौसम की शुरुआत का प्रतीक है। छात्रों ने पीले रंग के महत्व को भी समझा, जो खुशी, आशावाद और धूप का प्रतीक है। इस उत्सव में छात्रों की ऊर्जावान और रचनात्मक भागीदारी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। शिक्षकों और कर्मचारियों की मेहनत के लिए धन्यवाद दिया गया।

## खेल को खेल की भावना से खेले, खेलों से होता है हमारा मानसिक और शारीरिक विकास- प्राचार्य योगेश त्यागी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। डी.एन. पी.जी. कॉलेज में अंतरमहाविद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी, एस. एस. एस. कॉलेज माछरा, मेरठ के शारीरिक शिक्षा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजय यादव, आई. पी. कॉलेज बुलंदशहर की शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉ. छाया चौधरी, और एस. एस. वी. कॉलेज हापुड़ के शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉ. सुदर्शन त्यागी ने फीता काटकर किया और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि खेलों को खेल की भावना से खेलना चाहिए, क्योंकि खेलों का हमारे शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। महाविद्यालय का शारीरिक शिक्षा विभाग छात्रों को खेलों के प्रति अनुकूल वातावरण प्रदान कर रहा है। उन्होंने आयोजन समिति और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और खेल कार्यक्रम के आरंभ की औपचारिक घोषणा की। इस खेल प्रतियोगिता में एस. एस. वी. कॉलेज हापुड़, एम. एम. कॉलेज मोदीनगर, मेरठ कॉलेज मेरठ, शहीद मंगल पांडे कॉलेज मेरठ सहित कई अन्य महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में मुख्य ऑर्बिटर की भूमिका श्री ललित कपूर ने निभाई और उपस्थित प्रतिभागियों को खेल के नियम बताए। कार्यक्रम के सचिव डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को खेल की शपथ दिलवाई। प्रतियोगिता के संयोजक प्रोफेसर नवीन तोमर ने सभी का स्वागत और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. पुष्पेंद्र मिश्र ने किया। कार्यक्रम में एम. एम. कॉलेज मोदीनगर के डॉ. सौरभ पाल, मेरठ कॉलेज मेरठ के डॉ. सुधीर मालिक, शहीद मंगल पांडे कॉलेज की डॉ. पूनम भारद्वाज, प्रो. अतुल तोमर, प्रो. पीयूष त्रिपाठी, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. संदीप कुमार सिंह, प्रो. भवनीत सिंह बत्रा, प्रो. नरेश कुमार, प्रो. कृष्ण कुमार, डॉ. हरीश कसाना, प्रो. शशि कपूर, प्रो. श्याम प्रकाश और विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागी तथा महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

## सुरेश चन्द अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर के प्रसिद्ध सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य नगेन्द्र सिंह ने बच्चों को वसंत पंचमी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को मूंगफली, रेवड़ी और मिष्ठान वितरित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन वीरेन्द्र अग्रवाल, डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, प्रधानाचार्य नगेन्द्र सिंह, प्रशासक शुभम अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नोएडा में जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, फेयरडील कार्स का सर्विस सेंटर सील

नोएडा ।एनजीटी के नियमों का पालन न करने पर आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट नोएडा की बड़ी कार्रवाई ने मैसर्स फेयरडील कार्स प्राइवेट लिमिटेड के सर्विस सेंटर को सील कर दिया। नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्र ने बताया कि डीएमके निर्देशों के क्रम में सोमवार को ए-107 नोएडा सेक्टर-5 में संचालित मैसर्स फेयरडील कार्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सर्विस सेंटर को पर्यावरणीय नियमों एवं बंदी आदेश की लगातार अवहेलना करने के कारण सील किया गया है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि फेयरडील कार्स के सर्विस सेंटर का पूर्व में निरीक्षण के दौरान जल अधिनियम 1974 के प्रावधानों का उल्लंघन होता पाया गया था।

इस संबंध में सर्विस सेंटर के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसका इनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया और इनको 12.75 लाख की पर्यावरण में क्षतिपूर्ति अधिरोपित करते हुए बंदी आदेश निर्गत किए गए। उन्होंने बताया कि राज्य बोर्ड द्वारा निर्गत बंदी आदेश के अनुपालन में इकाई का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। इस सर्विस सेंटर का जब दोबारा निरीक्षण किया गया तो इसका संचालन डीजी सेट के माध्यम से होता पाया गया एवं मौके पर ही डीजी सेट को सील किया गया था। इस इकाई द्वारा अन्य डीजी सेट की स्थापना कर इकाई का संचालन किया गया। इसलिए कंपनी के सर्विस सेंटर को आज पर्यावरण नियमों एवं बंदी आदेश की लगातार अवहेलना करने के कारण सील करने की कार्रवाई की गई है।

# गोपाल निकुंज सेवा संस्थान में धूमधाम से संपन्न हुआ ठा. श्रीगोपालजी महाराज का 27वां पाटोत्सव



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन। राधा निवास-गोविंद कुंड क्षेत्र स्थित श्रीगोपाल निकुंज सेवा संस्थान में ठाकुर श्रीगोपालजी महाराज का पाटोत्सव एवं निकुंजवासी संत शिरोमणि ब्रजकिशोरी शरण (माताजी) का द्विदिवसीय 27 वां वार्षिक निकुंज प्रवेशोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। जिसके अंतर्गत अष्टयाम सेवा महावाणी, अखंड युगलनाम संकीर्तन, संत-विद्वत संगोष्ठी, समाज गायन एवं भजन संध्या आदि के कार्यक्रम सम्पन्न हुए।इसके अलावा संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ। संत-विद्वत संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत के प्रकांड विद्वान पुरुषोत्तम शरण शास्त्री (शास्त्रार्थ महारथी) ने कहा कि संत प्रवर ब्रजकिशोरी शरण (माताजी) अत्यंत सेवाभावी व धर्मनिष्ठ संत थीं। वो सदैव ही पूर्ण समर्पण व निस्वार्थ भाव से संत, गौ एवं निर्धन-निराश्रितों की सेवा करती थीं।उनके द्वारा स्थापित किए गए सेवा प्रकल्प श्री गोपाल निकुंज सेवा संस्थान में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ आज भी चलाए जा रहे हैं। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ गोपाल चतुर्वेदी व प्राचार्य ब्रज किशोर त्रिपाठी ने कहा कि ब्रजकिशोरी शरण (माताजी) ने श्रीधाम वृन्दावन में रहते हुए श्रीकृष्ण भक्ति की लहर को समूचे विश्व में प्रवाहित कर के अनेकों व्यक्तियों का कल्याण किया। गोपाल निकुंज सेवा संस्थान के संस्थापकाध्यक्ष आचार्य युगल किशोर कटारे व भागवताचार्य चेतन्य किशोर कटारे ने कहा कि हमारी सदगुरुदेव ब्रजकिशोरी शरण (माताजी) अनेकानेक सद्गुणों की खान थी।यदि हम लोग उनके किसी एक गुण को भी अपने जीवन में धारण कर लें तो हमारा कल्याण हो सकता है। श्रीरंगलक्ष्मी संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. रामसुदर्शन मिश्रा एवं युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा ने कहा कि ब्रजकिशोरी शरण (माताजी) परम् भजनानंदी एवं दिव्य तपोमूर्ति थीं।उन्होंने श्रीधाम वृन्दावन में साधनामय जीवन जीते हुए योग व तप की शक्ति से अनेकों व्यक्तियों की पीड़ा दूर की। इससे पूर्व संपन्न हुई सरस भजन संध्या में प्रख्यात संगीताचार्य पंडित देवकीनंदन शर्मा ने ठाकुर श्रीगोपालजी महाराज की महिमा से ओत-प्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर बालकृष्ण शर्मा (बालों पण्डित), पवन कुमार शर्मा, ललित किशोर कटारे, कैलाश अग्रवाल, श्रीमती कुसुम अग्रवाल, श्रीमती शशि भूषणियां, श्रीमती गायत्री आइडल, श्रीमती त्रिवेणी बाई, राजेश, जयेश कुमार शर्मा, श्रीमती नीतू शर्मा, भक्ति प्रिया कटारे, चेतना कटारे, गोविंद मस्तराम, मोनू शर्मा, बंटी शर्मा, विकास अग्रवाल, श्रीमती निर्मला कटारे, श्रीमती गंगा शर्मा, ब्रज किशोर कटारे आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। संचालन डॉ. राम सुदर्शन मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन व आभार व्यक्त आचार्य युगल किशोर कटारे ने किया।

# महाराष्ट्र में कुछ महीनों में 70 लाख मतदाता बढ़ गए, निर्वाचन आयोग आंकड़ा उपलब्ध कराए- राहुल

नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बीच की कुछ महीनों की अवधि में ही राज्य में हिमाचल प्रदेश की आबादी के बराबर मतदाताओं की संख्या बढ़ गई और ऐसे में निर्वाचन आयोग को प्रदेश के विपक्षी दलों को मतदाता सूची से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराने चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि वह आरोप नहीं लगा रहे हैं, लेकिन आयोग को इस पर जवाब देना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, ''मैं इस सदन का ध्यान महाराष्ट्र चुनाव से जुड़े कुछ डेटा की ओर खींचना चाहता हूं। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के बीच, हिमाचल प्रदेश की जनसंख्या के बराबर लोगों को महाराष्ट्र की मतदान सूची में जोड़ा गया। लगभग 70 लाख नए वोटर अचानक आ गए।'' उनका कहना था कि महाराष्ट्र में जितने वोटर पांच साल में नहीं जुड़े, उससे ज्यादा वोटर पांच महीने में जुड़ गए। राहुल गांधी ने दावा किया, ''शिरडी की एक इमारत में 7,000 वोटर जोड़े गएर्जदिलचस्प बात यह है कि नए मतदाता ज्यादातर उन निर्वाचन क्षेत्रों में जुड़े जहां भाजपा को बढ़त मिली।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं। बस यह कह रहा हूं कि निर्वाचन आयोग को महाराष्ट्र चुनाव का डेटा कांग्रेस, शिवसेना (उबाठा) और राकांपा (एसपी) को उपलब्ध कराना चाहिए।'' इससे पहले कांग्रेस, शिवसेना (उबाठा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने निर्वाचन आयोग से 'मतदाताओं की संख्या' में बढ़ोतरी को लेकर जवाब मांगा था। कांग्रेस ने पहले दावा किया था कि पांच महीने की अवधि में महाराष्ट्र में आश्चर्यजनक ढंग से 50 लाख से अधिक मतदाता बढ़ गए। निर्वाचन आयोग ने बीते दिसंबर में कहा था कि राज्य में मतदाताओं के नाम न तो मनमाने ढंग से जोड़े गए हैं और न ही हटाए गए हैं।

# त्रिवेणी तट पर जनसैलाब, नागा साधु बने आकर्षण का केंद्र





महाकुम्भ नगर । महाकुम्भ 2025 के अंतिम अमृत स्नान ' बसंत पंचमी' के अवसर पर गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। इस दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। अधिकृत जानकारी के अनुसार आज करीब पांच करोड़ स्नानार्थियों के संगम में डुबकी लगाने का अनुमान है और इस क्रम में सुबह आठ बजे तक 62 लाख से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी में स्नान कर चुके थे जिन्हे मिला कर अब तक महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी में डुबकी लगाने वालों की संख्या 35 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है। मौनी अमावस्या को हुये हादसे से सबक लेकर पुलिस ने इस बसंत पंचमी स्नाना पर्व पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को स्नान के बाद तुरंत प्रस्थान करने को कहा जा रहा है।

वहीं प्रयागराज के विभिन्न घाटों में श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं और उन्हे वहीं से वापस किया जा रहा है। संगम क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश पूर्णत- निषेध है और कोई भी वीआईपी पास अथवा प्रोटोकाल आज मान्य नहीं है। मेला क्षेत्र में सिर्फ पुलिस प्रशासन के वाहनों के अलावा एबुंलेंस को ही परिचालन की अनुमति है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिये पब्लिक एड्रेस सिस्टम के अलावा ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। प्रदेश में पुलिस के कई आला अधिकारियों की ड्यूटी इस अवसर पर विशेष रुप से कुंभ मेला क्षेत्र में लगायी गयी है जो पल पल की जानकारी लखनऊ में बैठे आला अधिकारियों को दे रहे हैं। आज सुबह से ही संगम के तट पर अखाड़ों का स्नान ध्यान का क्रम अनवरत जारी है जो दोपहर तीन बजे तक चलने का अनुमान है। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियां सभी का ध्यान आकर्षित कर रही हैं वहीं हेलीकाप्टर से हो रही पुष्प वर्षा मेला क्षेत्र में आस्था का रस घोल रही है। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे। बसंत पंचमी के अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया। स्व-अनुशासन में रहने वाले इन साधुओं को कोई रोक नहीं सकता था, लेकिन वो अपने अखाड़ों के शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े। नगाड़ों की गूंज के बीच उनके जोश ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। त्रिशूल और डमरू के साथ उनके प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के मिलन का उत्सव है। शोभायात्रा के दौरान मीडिया ही नहीं, बल्कि आम श्रद्धालुओं के मोबाइल के कैमरे भी नागा साधुओं को कैप्चर करने के लिए हवा में लहरा रहे थे। नागा भी किसी को निराश नहीं कर रहे थे, बल्कि वो अपने हाव भाव से उन्हें आमंत्रित कर रहे थे। कुछ नागा तो आंखों में काला चश्मा लगाकर आम लोगों से इंटरैक्ट भी कर पा रहे थे। उनकी इस स्टाइल को हर कोई कैद कर लेना चाहता था। यही नहीं, नागा साधु नगाड़ों की ताल पर नृत्य करते हुए अपनी परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी जोश और उत्साह से भरपूर गतिविधियों ने श्रद्धालुओं के बीच अपार उत्साह पैदा किया। जितने उत्साहित नागा साधु थे, उतने ही श्रद्धालु भी उनकी हर गतिविधि को देख मंत्रमुग्ध हो गए।स्नान के दौरान भी नागा साधुओं का अंदाज निराला था। त्रिवेणी संगम में उन्होंने पूरे जोश के साथ प्रवेश किया और पवित्र जल के साथ अठखेलियां कीं। इस दौरान सभी नागा आपस में मस्ती करते नजर आए। पुरुष नागा साधुओं के साथ ही महिला नागा संन्यासियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही।

पुरुष नागाओं की तरह ही महिला नागा संन्यासी भी उसी ढंग से तप और योग में लीन रहती हैं। फर्क सिर्फ इतना होता है कि ये गेरुआ वस्त्र धारत करती हैं उसमें भी ये बिना सिलाया वस्त्र धारण करती हैं। उन्हें भी परिवार से अलग होना पड़ता है। खुद के साथ परिवार के लोगों का पिंड दान करना होता है तब जाकर महिला नागा संन्यासी बन पाती हैं। जब एक बार महिला नागा संन्यासी बन जाती हैं तो उनका लक्ष्य धर्म की रक्षा, सनातन की रक्षा करना होता है। इस महाकुम्भ में हर कोई इनके बारे में जानने को उत्सुक नजर आ रहा है। नागा साधुओं ने अपने व्यवहार और प्रदर्शन से यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मनुष्य के आत्मिक और प्राकृतिक मिलन का उत्सव है। उनकी हर गतिविधि में महाकुम्भ की पवित्रता और उल्लास का अद्वितीय अनुभव झलक रहा था। महाकुम्भ 2025 का यह आयोजन नागा साधुओं की विशिष्ट गतिविधियों और उनकी परंपराओं के कारण लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

# सतलोक आश्रम सोजत में आगामी 6-7-8 फरवरी तथा 15-16-17 फरवरी 2025 को महा विशाल भंडारे का आयोजन








उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान

पाली जिले के सोजत सिटी के पास रुपावास स्थित सतलोक आश्रम सोजत में आगामी 6-7-8 फरवरी तथा 15-16-17 फरवरी 2025 को क्रमश: परमेश्वर कबीर साहिब जी के निर्वाण दिवस (सशरीर सतलोक गमन दिवस) व जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी के बोध दिवस (नामदीक्षा प्राप्त दिवस) के उपलक्ष्य में महा विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संत रामपाल जी महाराज जी के सानिध्य में आध्यात्मिक सत्संग, कई जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह, सैकड़ो यूनिट रक्तदान व हजारों की संख्या में देहदान के फॉर्म भी भरे जाएंगे साथ ही आदरणीय संत गरीबदास जी महाराज जी द्वारा लिखित अमर ग्रन्थ साहेब का अखंड पाठ का आयोजन होगा,इस महा विशाल समागम में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे शुद्ध देसी घी से निर्मित पकवान सब्जी,पूड़ी,दाल,चावल,आचार, सलाद, बूंदी व हलवा का प्रसाद वितरित किया जाएगा । इस महा विशाल समागम में महापुरुषों के जीवन पर आधारित आध्यात्मिक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी व नि:शुल्क नामदीक्षा की भी व्यवस्था की जाएगी ।

जिसमें पूरे विश्व को सोशल मीडिया के माध्यम से खुला आमंत्रण दिया जा रहा है । अत: राजस्थान की सर्वधर्म प्रेमी जनता से विनम्र निवेदन है कि इस पावन अवसर पर सतलोक आश्रम सोजत में पधारकर पुण्य का लाभ कमाए। आयोजन स्थल का पता है- सतलोक आश्रम सोजत स्टेट हाईवे 58 जोधपुर रोड टोल नाके के पास रूपावास सतलोक आश्रम,जिला पाली राजस्थान। संपर्क सूत्र- 8882914946, 8882914947, 8882914948 जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित 507 वें निर्वाण दिवस व संत रामपाल जी महाराज जी का बोध दिवस में आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं (नोट) नेपाल सहित भारत के 10 आश्रमों में होगा महा विशाल भंडारे का आयोजन। आयोजन स्थल का पता है- सतलोक आश्रम धनाना धाम (हरियाणा),सतलोक आश्रम भिवानी (हरियाणा),सतलोक आश्रम कुरुक्षेत्र (हरियाणा), सतलोक आश्रम मुंडका (दिल्ली) सतलोक आश्रम सोजत (राजस्थान), सतलोक आश्रम खमानो (पंजाब), सतलोक आश्रम धुरी (पंजाब), सतलोक आश्रम शामली (उत्तर प्रदेश),सतलोक आश्रम बैतूल (मध्य प्रदेश), सतलोक आश्रम इन्दौर (मध्य प्रदेश), सतलोक आश्रम धनुषा (नेपाल देश)

# पलवल को साफ और सुंदर बनाने में नहीं छोड़ी जाएगी कोई कसर - गौरव गौतम






पलवल । प्रदेश सरकार में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल जिले को स्वच्छता और सुंदरता के मामले में देश के अग्रणी जिलों में शामिल किया जाएगा। पलवल शहर में सौंदर्यकरण को लेकर चौक-चौराहों सहित ओवरब्रिज पर वॉल पेंटिंग का कार्य चल रहा है। पलवल जिला को साफ और सुंदर बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। खेल मंत्री गौरव गौरतम ने सोमवार को पलवल के बस स्टेंड से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उनके साथ उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ व अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। नगर परिषद के सौजन्य से पलवल बस स्टेंड से शुरू किए गए स्वच्छता अभियान में स्वयं मंत्री गौरव गौतम ने कचरे को एकत्रित कर टैक्टर-टॉलियों में डलवाकर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल को साफ-सफाई को लेकर लगातार समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा नगर परिषद के कर्मचारियों को भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए है। वहीं शहर से कूड़ा उठाने के लिए 80 रिक्शा, 10 ट्रैक्टर-ट्रॉली व 2 जेसीबी नगर परिषद को उपलब्ध करवाई गई हैं। पलवल में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर निरंतर कार्य किए जा रहे है। इसके आलवा पलवल के सौंदर्यकरण को लेकर भी कार्य शुरू हो चुका है। इसकी शुरुआत आगरा चौक पर ओवरब्रिज पर महापुरुषों व ऐतिहासिक धरोहरों की चित्रकारी कर की जा रही है। शहर में बने ओवरब्रिज को वॉल पेंटिंग के माध्यम से सुंदर और आकर्षक बनाया जा रहा है। वहीं आने वाले दिनों पलवल के हर चौक-चौराहों पर वॉल पेंटिंग का कार्य करवाया जाएगा। शहर की सुंदरता को चार-चांद लगा रहा क्लॉक टॉवर मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल शहर में हमारा पलवल नाम से आकर्षक सैल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। इसके आलवा पलवल के सेक्टर-2 स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर बनाया गया क्लॉक टॉवर शहर की सुंदरता को चार चांद लगा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में तिरंगा लाइट लगाने का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। इससे रात के समय तिरंगा लाइटें पलवल की संदरता और अधिक बढ़ाएंगी। इस अवसर पर जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिले को साफ और स्वच्छ रखने के लिए आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सफाई अभियान तभी सफल हो सकता है जब इसमें सबका सहयोग हो। उन्होंने आमजन से आह्वान किया वे कूड़े को इधर-उधर न डालकर कूड़ेदान में ही डालें। इसके अलावा आमजन अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को भी स्वच्छ बनाने में अपना योगदान जरूद दें। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेताओं ने घोषणापत्र लागू करने की 'प्रतिज्ञा' ली, बोले- आप और भाजपा से तंग आ चुके हैं लोग






नई दिल्ली । कांग्रेस की दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को पार्टी के चुनावी वादों का उल्लेख करते हुए 'प्रतिज्ञा' ली कि सत्ता में आने पर घोषणापत्र को अक्षरश- लागू कर स्वर्णिम दिल्ली का सपना साकार किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव और कई अन्य नेताओं ने विधानसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन यहां पार्टी कार्यालय में एक साथ खड़े होकर 'प्रतिज्ञा' ली। उन्होंने कहा, ''हम कांग्रेस के घोषणा पत्र को लागू कर स्वर्णिम दिल्ली के सपने को साकार करेंगे।'' उन्होंने दिल्ली का वायु प्रदूषण दूर करने, साफ पानी का प्रबंध करने, दिल्ली को कुड़ा मुक्त बनाने, महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देने, 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त करने समेत कई वादों का उल्लेख भी किया। देवेंद्र यादव ने कहा, ''दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी-भाजपा के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है और वह मजबूती के साथ कांग्रेस के साथ खड़ी है। आज हमें ऐसा लग रहा है कि दिल्ली के लोग कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''दिल्ली की जनता द्वारा कांग्रेस को मिल रहे प्यार और आशीर्वाद के लिए मैं पूरी पार्टी की तरफ से दिल्ली का धन्यवाद करता हूं।'' यादव के अनुसार, कांग्रेस की सरकार के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षि ने दिल्ली को एक विश्व स्तरीय शहर बनाया था, लेकिन पिछले 10 साल में वह स्वर्णिम काल खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा, ''इसलिए आज हमें कांग्रेस वाली दिल्ली वापस लाने की जरूरत है।'' पूर्व सांसद और नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने कहा, ''चुनाव में क्रांति तब आती है, जब वोटर खुद कार्यकर्ता बन जाता है। इस चुनाव में हम देख रहे हैं कि कांग्रेस के लोग हों या न हों- वोटर खुद ही 'कांग्रेस वाली दिल्ली' की बात कर रहे हैं।'' उनका कहना था, ''हम जहां भी जाते हैं, वोटर कहते हैं- केजरीवाल को हटाइए। हमें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस को दिल्ली की जनता का प्यार और आशीर्वाद मिलने जा रहा है।'' दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए पांच फरवरी को मतदान होना है। मतगणना आठ फरवरी को होगी।

## संक्षिप्त समाचार

# राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोला अहिरान में योग दिवस मनाया गया





उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान

रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र के कोला अहिरान के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में योग दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के बालक बालिकाओं के साथ साथ गाँव के युवाओं ने भी भाग लिया। दिनेश मेघवाल कोला वाले ने बताया कि हमें बच्चों के साथ फ्रैंडली रहना चाहिए ताकि समय समय पर हम बच्चों को मोटिवेट कर सकें। इस दौरान विद्यालय स्टाफ में रामस्वरूप राठौड़, ओम प्रकाश गुप्ता, राजेश महावर, नरेश मालव, राजेश सैनी, राजेश कुमार, धर्मवीर, सुनीता वर्मा, अंजू नागर मौजूद रहे। विद्यालय स्टाफ द्वारा बताया गया कि दिनेश मेघवाल विद्यालय के हर कार्य में हमेशा तत्पर रहते हैं साथ ही विद्यालय स्टाफ ने दिनेश मेघवाल कोला वाले के सरल स्वभाव की सराहना की इस दौरान शाला प्रबंधक समिति अध्यक्ष आनंदीलाल अहीर, राजेश अहीर, प्रेमचन्द वैष्णव, राजेश अहीर, कन्हैया लाल अहीर, शिवराज अहीर, बालमुकुंद अहीर, राम स्वरूप अहीर, हंसराज अहीर आदि मौजूद रहे।

# फरीदाबाद - टेलीग्राम टास्क के नाम पर दस लाख की ठगी, दो गिरफ्तार



फरीदाबाद । साइबर अपराध थाना बल्लबगढ़ की टीम ने टेलिग्राम टास्क में ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि आरोपी अर्जुन भार्गव और हर्षित सोड को जोधपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी जोधपुर राजस्थान के रहने वाले है। मामले में चावला कॉलोनी के रहने वाले एक व्यक्ति ने साइबर ठगी की शिकायत दी थी, जिसमें उसने बताया कि 11 नवम्बर 2024 को उसके व्हाट्सएप नम्बर पर एक अनजान नम्बर से संपर्क हुआ। जिसने शिकायतकर्ता को गूगल पर होटल और स्टे हाउस के रिव्यू देने के लिए कहा। जिसके लिए उसको पैसे दिए जाएगे। ठगों के द्वारा शिकायतकर्ता को टेलीग्राम पर एक आईडी का लिंक भेजा। जो आगे कि प्रक्रिया ठग के द्वारा समझाने के बारे कहा। जिसके बाद शिकायतकर्ता को 900 रुपये विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से प्राप्त हुए। फिर अगले दिन उसी प्रकार से रिव्यू के लिए 3650 रुपये प्राप्त हुए फिर अगले दिन 13 जनवरी 2024 को 2400 रुपये प्राप्त हुए। जिसके बाद ठगों ने कहा कि अगर आप रिव्यू लगातार जारी रखना चहाते है तो वेलफेयर टास्क करना होगा जिसके लिए आपको और अधिक पैसे दिए जाएगे। जिसके बाद ठगो के द्वारा एक अन्य टेलिग्राम आईडी से संपर्क किया गया और शिकायतकर्ता को वेलफेयर टास्क में पैसे लगाने को कहा। ठगों ने कहा कि पैसे को क्रप्टो करंसी में लगाकर मोटा प्रॉफिट मिलेगा, इस प्रकार शिकायतकर्ता ने दस लाख 79 हजार रुपये लगा दिए, जब शिकायतकर्ता ने पांच लाख रुपये निकालने चाहे तो प्लेटफॉर्म को फ्रीज़ कर दिया। शिकायतकर्ता को मालूम हुआ किसके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है, जिस पर उसकी शिकायत थाना साइबर क्राइम बल्लबगढ़ में मामला दर्ज किया गया। साइबर पुलिस टीम ने आरोपी अर्जुन से पता चला की उसने अपना बैंक खाता दस हजार में आरोपी हर्षित को बेच दिया था। जिसके खाते में फ्रॉड के पांच लाख 60 हखार रुपये आए थे। आरोपी हर्षित ने बैंक खाते को आगे बीस हजार में बेच दिया था। दोनों आरोपी दोस्त है। प्राइवेट नौकरी करते है। आरोपी अर्जुन को पूछताछ के बाद जेल भेजा जा चुका है। आरोपी हर्षित को मामले में पूछताछ के लिए 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# परंपरा और आधुनिकता का संगम है सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला - कला रामचंद्रन




फरीदाबाद । हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने कहा कि 38 वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ऐसे में मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने सोमवार को 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित कर रही थी। बैठक में डीसी विक्रम सिंह ने जिला प्रशासन की ओर से किये गए प्रबंधों बारे विस्तार से जानकारी सांझा की। हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने कहा कि सूरजकुंड मेले को डिजिटल रूप दिया गया है। पहली बार स्टॉल की बुकिंग ऑनलाइन की गई हैं। पूरी पारदर्शिता बनाए रखते हुए सूरजकुंड का यह शिल्प मेला डिजिटल प्लेटफार्म के साथ पर्यटन के क्षेत्र में आमजन के स्वागत के लिए तैयार हो रहा है। मेले से जुड़े हर पहलू की जानकारी सूरजकुंड मेला डॉट कॉम डॉट इन पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि यह हरियाणा प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेले के आयोजन की जिम्मेवारी प्रभावी रूप से निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में उड़ीसा व मध्यप्रदेश थीम स्टेट हैं और बिम्सटेक-बांग्लादेश, भूटान, इंडिया,म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका व थाईलैंड राष्ट्र भागीदार हैं और नॉर्थ ईस्ट हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन मेले का कल्चरल पार्टनर है, साथ ही दिल्ली मेट्रो टिकटिंग पार्टनर रहेगा। उन्होंने बताया कि मेला मैदान में आने वाले लाखों आगन्तुकों को थीम स्टेट मध्य-प्रदेश व उड़ीसा, बिम्सटेक देशों के साथ-साथ अनेक देशों के कलाकार, बुनकर, शिल्पकार मेले में भागीदारी करेंगे, जबकि देशबके अनेक राज्यों के पारंपरिक व लजीज व्यजनों का आनंद आमजन ले सकेंगे। समीक्षा बैठक के पश्चात् हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन व डीसी विक्रम सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेला परिसर का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और जल्द से जल्द काम को पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता, एडीसी साहिल गुप्ता, हरियाणा पर्यटन निगम के एमडी सुनील कुमार, डीसीपी हेडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल, डीसीपी जसलीन कौर, डीसीपी कुलदीप सिंह, जीएम आशुतोष रंजन, एसडीएम अमित मान, मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, पर्यटन निगम की ओर से मेला प्रबंधक यू.एस.भारद्वाज व एजीएम हरविंद्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।